'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 153 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए सोमवार, 19 अगस्त 2024 samachargate@gmail.com

**रनविजय यादव ने गंभीरा पब्लिक स्कूल में अपनी विशेष प्रस्तुति से मोह लिया मन।**





## जनता के आशीर्वाद से भाजपा तीसरी बार सरकार बना रही : सीएम नायब सैनी

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़/जगाधरी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को जगाधरी विधानसभा के लिए छछरौली अनाजमंडी में नॉन स्टॉप हरियाणा जन आशीर्वाद रैली की। जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस और हुड्डा पिता-पुत्र को आड़े हाथों लिया और कहा कि जब विपक्ष के पास कहने को कुछ नहीं रहा तो एक मनघड़ंत शोशा छोड़कर यात्रा निकालते घूम रहे हैं। नायब सैनी ने कहा कि हम तो जनता को हर साल हिसाब देते हैं, लेकिन हुड्डा का क्या करें, इन्होंने तो अपने हिसाब के कागज ही जला दिए हैं, उनके बही-खाते फटे पड़े हैं। अब बाप-बेटा हिसाब मांगते घूम रहे हैं।



मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस की गुटबाजी पर तंज कसा और कहा कि सैलजा और रणदीप सुरजेवाला अपना अलग गुट चला रहे हैं, दूसरी तरफ बाप-बेटा का अपना निजी गुट है। इनमें लड़ाई हरियाणा के भले के लिए नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार करके जनता के रुपये बांटने और खान आवंटन के लिए है। अब फिर हुड्डा और कांग्रेसी जनता को लूटने का सपना देख रहे हैं। हमने भ्रष्टाचार पर कड़ी चोट की तो इनका पेट खराब हो गया। हुड्डा जनता को लूटने का सपना देखते रह जाएंगे और 4 अक्टूबर को भाजपा तीसरी बार सरकार बनाएगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि मैंने हुड्डा से पांच सवाल किए थे, आज तक उनका जवाब नहीं दिया जा रहा। अब हुड्डा किसानों के नाम पर राजनीति कर रहे हैं,उनसे जनता पूछती है कि जब 10 साल उनकी सरकार रही, वे स्वामीनाथन कमेटी के चेयरमैन भी थे तब किसानों का हित करने से उन्हें किसने रोका था। सच्चाई ये है कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा किसानों के हित में नहीं सोच सकते, उनकी सोच भ्रष्टाचार और किसानों के नाम से रुपये खाने की है। अब वे झूठ बोलकर जनता को बरगला रहे हैं। लेकिन जनता इस बार विधानसभा चुनाव में उनका बिस्तरा गोल कर उनका खाता भी नहीं खुलने देगी।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस कहीं दिखाई नहीं दे रही और जनता के आशीर्वाद से भाजपा तीसरी बार सरकार बना रही है। इस मौके पर जगाधरी के विधायक और कृषी मंत्री कंवर पाल, भाजपा नेत्री बंतो कटारिया,विधायक घनश्यामदास अरोड़ा, राजेश सपरा, पूर्व विधायक बलवंत सिंह, ईश्वर, रमेश ठसका, भोपाल खदरी, रामनिवास गर्ग, रामपाल नंबरदार, कृष्ण सिंगला, विपुल गर्ग, कल्याण सिंह, प्रवीण गर्ग, सीमा गुलाटी, बलविंद्र, जगदीश विद्यार्थी,अंकित गोयल समेत वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

## भाजपा का कार्यकर्ता हर बूथ पर कमल खिलाने के लिए तैयार है : पं. मोहन लाल

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़/राई।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल कौशिक ने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता हमेशा चुनावी मोड़ में रहता है और हर बूथ पर कमल खिलने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की देव तुल्य जनता 1 अक्टूबर को नायब सरकार की नायाब नीतियों पर मुहर लगाएगी और तीसरी बार जनता का आशीर्वाद पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए भाजपा को मिलेगा।



रविवार को राई विधानसभा के मुरथल, जाखोली तथा नाहरी मंडलों की बैठक में मोहन लाल कौशिक ने विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की तरक्की और प्रदेश की खुशहाली के लिए तीसरी बार भाजपा सरकार बनाना जरूरी है। इस मौके पर मंत्री मूलचंद शर्मा, जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, जिला महामंत्री नवीन मंगला व मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हर वर्ग के लिए कार्य किया है। नायब सैनी की कार्यशैली और सरकार के कामों से जनता में उत्साह है और लोगों ने मन बना लिया है कि सीएम सैनी के नेतृत्व में ही तीसरी बार भाजपा की सरकार बनानी है। श्री शर्मा ने कार्यकर्ताओं से यह भी कहा कि चुनाव में कांग्रेस नए झूठ के साथ मैदान में आएगी।

जनता को कांग्रेस की झूठ और लालच की राजनीति से आगाह करना है और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियां बताकर भाजपा के पक्ष में मतदान कराने के लिए प्रेरित करना है।

जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा ने प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल कौशिक और कबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा का राई पहुंचने पर स्वागत किया और कहा कि कार्यकर्ता दिन रात हर बूथ पर कमल खिलाने के काम में जुटे हुए हैं। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल कौशिक को आश्वासन दिया कि सोनीपत जिला की सभी विधानसभाओं में भाजपा का कमल का फूल खिलेगा और तीसरी बार मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी।

## प्रदेशस्तरीय पंजाबी समाज सम्मेलन में पूर्व सांसद राज बब्बर ने समाज का किया आह्वान- हुड्डा के हाथ करें मजबूत

### कांग्रेस सरकार बनने पर प्रदेश में पंजाबी कल्याण बोर्ड का होगा गठन : बब्बर

**कहा- पंजाबी मिट्टी सूंघकर बता देते हैं आने वाला समय कैसा होगा, अब आने वाला समय कांग्रेस का है, आप पीछे मत रह जाना**



समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** विभाजन के बाद बरसों पहले हमारे बुजुर्ग अंबाला, रोहतक और करनाल में आकर बसे थे। यहां कांग्रेस सरकार ने उन्हें पूरा मान-सम्मान देते हुए बसाने का काम किया। यह बात पूर्व सांसद और वरिष्ठ कांग्रेस नेता राज बब्बर ने करनाल में आयोजित प्रदेशस्तरीय पंजाबी समाज सम्मेलन में कही। यह सम्मेलन वीर शहीद मदनलाल ढींगड़ा स्मरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय पंजाबी महासभा की ओर से आयोजित किया गया। सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष चौधरी उदयभान ने प्रमुख रूप से शिरकत की। पंजाबी महासभा ने अपनी मांगों को भूपेंद्र सिंह हुड्डा और चौधरी उदयभान के समक्ष रखा। पूर्व सांसद और वरिष्ठ कांग्रेस नेता राज बब्बर ने कहा कि जिस कांग्रेस और हुड्डा परिवार ने आपको यहां बसाने में मदद की है, जिन्होंने आपको पूरा मान-सम्मान दिया है, जिन्होंने आपको रोजगार दिया है, जिन्होंने ऊंचे ओहदों पर आपको स्थान दिया है तो आज वक्त आ गया है कि आप उन भूपेंद्र सिंह हुड्डा का साथ दो और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनवाओ। राज बब्बर ने कहा कि सम्मेलन में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कांग्रेस सरकार बनने पर विस्थापित लोगों के कल्याण और उनकी समस्याओं के निदान के लिए पंजाबी कल्याण बोर्ड स्थापित करने की घोषणा की है। इसका चेयरपर्सन भी समाज के ही किसी व्यक्ति को बनाया जाएगा।

करनाल सम्मेलन में आकर राज बब्बर थोड़ा भावुक भी नजर आए। कार्यक्रम के संयोजक अशोक अरोड़ा ने उन्हें बताया कि विभाजन से पहले के उनके गांव जलालपुरा जट्टान के लोग उनसे मिलना चाहते हैं। विभाजन के समय ये लोग भी अंबाला के आस-पास आकर बस गए थे। वहीं, सरदार त्रिलोचन सिंह ने उन्हें याद दिलाया कि वे यहां पर वारिस फिल्म की शूटिंग के लिए आए थे। राज बब्बर ने कहा कि पार्टी ने गुरुग्राम लोकसभा चुनाव में मुझे प्रत्याशी बनाकर पूरा मान-सम्मान दिया। चुनाव में 36 बिरादरी की जनता ने अपना प्यार दिया।

राज बब्बर ने कहा कि पंजाबी वह संस्कृति व सभ्यता है जो पांच नदियों का पानी पीकर पूरे विश्व में नाम चमका रही है, पंजाबी हर जगह अपनी खुशबू फैला रहे हैं। पंजाबी मिट्टी को भी हाथ लगाते हैं तो उसे सोना बना देते हैं और मिट्टी को सूंघ को बता देते हैं कि आने वाला कल क्या होगा। उन्होंने पंजाबी समाज का आह्वान करते हुए कहा कि अब आप मिट्टी को सूंघ लो और फैसला लेकर आने वाले विधानसभा चुनाव में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के हाथ मजबूत करो। पूरा प्रदेश कह रहा है कि आने वाला समय कांग्रेस का है तो आप लोग पीछे मत रहना। इस पर पंजाबी महासम्मेलन में पूरे प्रदेश से आए समाज के लोगों ने दोनों हाथ उठाकर भूपेंद्र सिंह हुड्डा को अपना समर्थन दिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा, पूर्व मंत्री सुभाष बतरा, विधायक बीबी बतरा, रामकरण काला, पूर्व विधायक कुलदीप शर्मा, सुमिता सिंह, रोहिता रेवड़ी, दिव्यांशु बुद्धिराजा, सरदार त्रिलोचन सिंह, समन्वयक अशोक मेहता,पंकज डावर,अशोक खुराना, मनोज वधवा आदि मौजूद रहे।

## सभी फसलों की एमएसपी पर होगी खरीद : धनखड़

समाचार गेट ब्यूरो

**झज्जर।** देश में भाजपा की हरियाणा सरकार ऐसी पहली सरकार होगी जो किसानों की सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदेगी। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने झज्जर की अनाज में आयोजित पार्टी की जन आशीर्वाद रैली को संबोधित करते हुए यह बात दोहराई। उन्होंने कहा कि किसानों को सबसे ज्यादा भला उनकी सरकार के समय हुआ है। दस साल में 13 हजार 500 करोड़ रूपये फसल खराबे का मुआवजा किसानों को दिया गया। पीएम सम्मान किसान निधि के माध्यम से हर किसानों के बैंक खातों छह हजार रूपये पंहुचाए जा रहे हैं। धनखड़ ने रैली में उमड़ी भारी भीड़ के जोश व उत्साह को देखते हुए कहा कि अबकी झज्जर की जनता ने चारों सीटों पर भाजपा को आशीर्वाद देने का मन बना लिया है। जो लोग इलाके की सरकार की बात करते हैं उन्होने ही झज्जर की जनता को सबसे ज्यादा लूटने का काम किया है। किसानों की हजारों एकड़ भूमि को एसईजेड के नाम पर लूटा गया। कहां हैं एसईजेड और कहां मिली हजारों युवाओं को नौकरी। कोडियों के भाव लूटी गई जमीन अब मंहगे दामों में गजों के हिसाब से बेची जा रही है।



धनखड़ ने कहा कि भाजपा की सरकार समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है। किसान, मजदूर, दुकानदार, युवा, महिला, श्रमिक सभी की भलाई की सोचती है और कार्य करती है। भाजपा ने कभी भी क्षेत्रवाद और इलाकावाद की सरकार का नारा नहीं दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की घोषणा के साथ ही विधानसभा चुनाव के लिए चुनावी मैदान सज चुका है और भाजपा का एक एक कार्यकर्ता चुनावी मैदान में तैयार है। धनखड़ ने कहा कि उन्होंने वर्ष 2014 में जब कृषि विभाग संभाला तो किसानों की मुआवजा राशि डबल करते हुए 12 हजार रूपये प्रति एकड़ किया । बाद में हमारी सरकार ने बढ़ाकर 15 हजार रूपये प्रति एकड़ किया। हमने नहर टूटने और ड्रेन के ओवर फ्लो से होने वाले नुकसान का भी किसानों को मुवावजा देना शुरू किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में दो -दो अढ़ाई अढ़ाई रूपये के चैक किसानों को मिलते थे। रैली को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।

## जींद से शुरू होगी सत्ता परिवर्तन की जंगः सूरजेवाला

समाचार गेट ब्यूरो

**जींद/चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, उत्तराखंडा की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हर रोज जहां भी हम जाते हैं लोगों का प्यार और भीड़ उमड़ती है। जींद जिला इंकलाबी जिला है, इस जिले को जो मिलना चाहिए था वो मिल नहीं पाया। जींद जिला भेदभाव का शिकार हुआ है। अब दस सालों में बीजेपी की सरकार में जो वीरान माटी जींद की हुई है वैसे पहले कभी नहीं हुई। वे रविवार को जींद में रैली को संबोधित कर रही थी। इससे पूर्व राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सूरजेवाला ने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि राहुल गांधी व खड़गे जी कुछ ही दिनों में जींद से ही हरियाणा में सत्ता के परिवर्तन की जंग को शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में जींद के साथ विकास में भेदभाव हुआ है। विकास के नाम पर कोई काम नहीं हुआ। अपराध इतना बढ़ गया है कि लोग भय के माहौल में जी रहे हैं। सरकारी नौकरियों के पेपर बिक रहे हैं इसलिए युवाओं को अपना भविष्य उज्जवल नजर नहीं आ रहा और वे विदेशों में जा रहे हैं। बीजेपी सरकार किसानों के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार करती आ रही है। महिला खिलाड़ियों के साथ जो हुआ सब ने देखा। व्यापारियों से जजिया कर की तरह बसूली की जा रही है। सूरजेवाला ने कहा कि प्रदेश में ऐसा माहौल बना दिया है कि कोई भी वर्ग सुखी नहीं। ऐसी सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए वोट की चोट से बदला लेना होगा।



## सड़के हुई दलदल में तब्दील, खाली प्लॉट बने तलाब ऐसी है बड़खल गांव की तस्वीर

### स्कूल तक की गिर गई दीवार, ग्रामीण बोले— शिकायतों के बाद भी नहीं ली मंत्री ने सुध

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** जहां एक तरफ बड़खल झील को पर्यटन केन्द्र बनाने के लिए शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने विधायक रहते हुए दावें किए थे। लेकिन अभी तक बडखल झील का कार्य पूरा नहीं हो सका है तो वहीं बड़खल गांव भी वर्षो से विकास के लिए तरस रहा है। सरकार के नेताओं पर ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि बडखल गांव बदहाली के आंसू रो रहा है। ऐसा ही यहां देखने को मिल रहा है। सड़के जहा दलदल में तब्दील हो चुकी हैं, वहीं खाली प्लॉट तलाब बन गए हैं। सड़कों पर पैदल चलना तो दूर वाहनों के जरिये भी नहीं निकला जा सकता है, वहीं इस बदतर हालत का शिकार सरकारी स्कूल भी हो गया है, यहां 11 अगस्त को दीवार गिर गई और उसकी सूध ही इलाके की विधायक और शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा के संज्ञान में लाने के बाद नहीं ली। ऐसी ही तस्वीर गांव में देखने को मिली।



यहां मंदिर हो, मस्जिद हो या फिर स्कूल जाने वाला रास्ता हर रास्ता गंदे पानी और दलदल वाला है। ऐसी कोई सड़क गांव में नहीं है, जो ठीक हो। बड़खल विधानसभा में विकास कार्यों की पोल बडखल गांव खोल रहा है। यहां के निवासी नर्क से भी बदतर जीवन जीने को मजबूर हो रहे हैं। इस मामले में इलाके की विधायक एवं शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा को फोन किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

जानकारी के मुताबिक बडखल विधानसभा क्षेत्र के बड़खल गांव की मुख्य सड़क हो या फिर गांव की अन्य सड़कें हालत ऐसे है कि इन सड़कों पर दौड़ रहे छोटे-बड़े वाहन बिना हिचकोले के गुजर जाए यह कहीं भी मुमकिन नहीं। ऐसी संथिति पूरे बड़खल गांव की सड़कों की बनी हुई हैं। सड़कों पर कहीं इतने ज्यादा गहरे और चौड़े गड्ढे हो चुके हैं और उनमें बारिश का पानी भरा होने से सड़क कहीं पानी से भरे तालाब का रूप ले चुकी हैं तो कहीं छोटे तालाब नजर आ रहे हैं। गांव की कुछ ऐसी सड़कें हैं जिसे देखकर यह नहीं कहा जा सकता है कि हम किसी गांव में आए है, ऐसा लगता है कि हम किसी दलदल या नाले से होकर गुजर रहे हो। सड़कें गांव की सड़के कम नाले या दलदल ज्यादा नजर आती हैं। यहां से गुजरने वाले कोई न कोई बाइक चालक गड्ढों और दलदल की चपेट में आकर वहीं गिर कर घायल हो रहे हैं। गड्ढों युक्त सड़कों से गुजरने वालों में सबसे ज्यादा परेशानी बीमारों, गर्भवती महिलाओं समेत स्कूल छात्र-छात्राओं को उठानी पड़ रही है।

### विधायक से मंत्री पद मिलने पर भी बदहाल है बड़खल विधानसभा : विजय प्रताप



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय प्रताप सिंह ने कहा कि जब उनके पिता महेन्द्र प्रताप सिंह मंत्री थे, तो बडखल विधानसभा क्षेत्र के सभी स्कूलों की हालत ठीक थी और गांवों की सड़के भी सुंदर और साफ थी। लेकिन विधायक बनते ही मंत्री सीमा त्रिखा ने सड़के सीवरेज के लिए खुदवा दी। लेकिन वह सड़के करीब आठ से दस साल बाद भी नहीं बनी है, ऐसे में उन सड़कों से अब निकलना भी दुर्भर हो गया है। ऐसा बड़खल विधानसभा के सभी गांवों में हो रहा है। चाहे वह सड़के हो या सरकारी स्कूल, कहीं भी न तो सीमा त्रिखा ने विधायक रहते हुए काम करवाया और न ही अब शिक्षा मंत्री बनने के बाद कोई काम करवाया है, जिससे स्कूल और गांवों के विकास दोनों ही बडखल विधानसभा क्षेत्र में बदहाली के आंसू रो रहे है।

### कीचड़ से लथपथ रास्ते



ग्रामीणों का कहना है कि गांव में कहीं सड़क ऊंची है तो कहीं काफी नीची। उबड़ खाबड़ सड़क में काफी पानी भर रहा है। वहीं कॉलोनियों की कच्ची सड़क से पैदल चलना भी दूभर हो रहा है। उन्होंने बताया कि सड़कों पर गहरे गड्ढों की चपेट में आने से बाइक चालक का संतुलन बिगड़ता है। आए दिन गिरकर लोग घायल हो रहे हैं। वहीं स्कूल के पास, मंदिर और मस्जिद के आसपास की कच्ची सड़क पर जरा सी बारिश में इतना ज्यादा कीचड़ हो जाता है कि यहां से पैदल राहगीरों का गुजरना दूभर होता है। उन्होंने बताया कि यहां मौजूद सरकारी स्कूल भी तलाब में तब्दील हो जाते है। वहीं जहां एक तरफ सड़के दलदल में तब्दील हो चुकी है, वहीं खाली प्लॉट भी पानी की निकासी न होने के कारण तलाब में तब्दील हो चुके हैं।

# ऐतिहासिक गाँव आलदूका में उमड़े जनसैलाब से भाजपा नेता चौधरी जाकिर हुसैन ने कमल खिलाने की अपील की

अनिल मोहनियां नूंह

गाँव आलदूका व आस-पास की 36 बिरादरी ने दिया भाजपा नेता चौधरी जाकिर हुसैन को पूर्ण समर्थन

नूँह से आलदुका तक गाड़ियों के काफिले ने उड़ाई विपक्षियों की नींद, भव्य स्वागत से चौधरी जाकिर हुसैन गदगद नजर आए ईंडरी ब्लॉक के कई सरपंचों, पूर्व सरपंचों व ब्लॉक समिति मेंबरों ने दिया भाजपा नेता को समर्थन आखिरी सांस तक मेवात की 36 बिरादरी की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हूँ: चौधरी जाकिर हुसैन





रविवार को नूँह विधानसभा के ऐतिहासिक गाँव आलदूका में गाँव की समस्त सरदारी द्वारा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी जाकिर हुसैन पूर्व विधायक के समर्थन में सम्मान-समारोह आयोजित किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में जनसैलाब उमड़ा। आलदुका की सरदारी नूँह निवास से ही भाजपा नेता चौधरी जाकिर हुसैन को गाड़ियों, मोटरसाईकिलों के लंबे काफिले के साथ आलदूका में आयोजित सम्मान-समारोह तक लेकर पहुंचे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को कई घंटे इंतजार करना पड़ा। इतनी भीषण गर्मी में भी लोग कार्यक्रम स्थल पर टिके रहे। नूँह से आलदूका तक दर्जनभर जगह चौधरी जाकिर हुसैन का फूलमालाओं के साथ स्वागत किया गया। माताओं-बहनों ने घरों की छतों से पुष्पवर्षा कर स्नेह दिया। बुजुर्गों ने सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर उनके साथ उनकी धर्मपत्नी नसीमा हुसैन एडवोकेट भी साथ रहीं। बाझड़का अड्डे से भाजपा नेता को खुली जीप में बैठाया गया। उन्होंने हर गाँव में लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। नूँह शहर से आलदूका तक गगनचुंबी पार्टी के नारों का नजारा देखने लायक था।

सम्मान-समारोह में पहुंचनें पर चौधरी जाकिर हुसैन का गाँव की 36 बिरादरी की तरफ से पगड़ी बाँधकर व बड़ी माला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उनकी धर्मपत्नी नसीमा हुसैन को गाँव की प्रमुख महिलाओं द्वारा शॉल भेंट कर स्वागत किया। चौधरी जाकिर हुसैन ने अपने संबोधन में इस शानदार व भव्य स्वागत के लिए समस्त ग्राम आलदूका की सरदारी का धन्यवाद व आभार जताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने और उनके परिवार ने हमेशा सच्चाई व ईमानदारी की राजनीति की है। उनके लिए राजनीति धन कमाना नहीं बल्कि क्षेत्र की 36 बिरादरी के लोगों की सेवा करना है। वे बेदाग हैं। उनके ऊपर कोई एक पैसे का भी आरोप नहीं लगा सकता। हुसैन ने कहा कि आलदुका व आस-पास की सरदारी ने उन्हें पिता जी मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन के समय से ही अपार प्यार, स्नेह व आशीर्वाद दिया है।

उन्होंने कहा कि वे आखिरी सांस तक मेवात क्षेत्र की 36 बिरादरी की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। सभी लोगों के सुख-दुख बाँटने के लिए प्रयासरत हैं। हर एक कार्यकर्ता उनके लिए महत्वपूर्ण है। सभी कार्यकर्ता अपने आपको जाकिर हुसैन मानकर चुनाव लड़ें। सभी दिन-रात चुनावों में जुट जाएँ। हुसैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारों केन्द्र की हो या राज्य की पिछले लगभग 10 वर्षों में मेवात क्षेत्र में इतना विकास व रोजगार दिया है जितना कांग्रेस व अन्य दल पिछले 70-75 वर्षों में भी नहीं दे पाए। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा चलाए गए विकास के पहिये को यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तेजी से दौड़ा रहे हैं। आज बिना खर्ची बिना पर्ची के हजारों सरकारी नौकरियाँ मेवात के युवाओं की लगी हैं। एक-एक भर्ती में 100 से भी ज्यादा मेवात क्षेत्र के बच्चों की काबिलियत पर टीजीटी जैसे पदों पर सरकारी नौकरियाँ लग रही हैं। आज गैस सिलेंडर हर घर में 500 रुपये में उपलब्ध कराया जा रहा है। छात्र-छात्राओं के लिए बसों में 1000 किलोमीटर तक का सफर फ्री हो गया है। दिल्ली-मुम्बई जैसे एक्सप्रेस वे के निकलने से मेवात क्षेत्र की तस्वीर व तकदीर बदल दी है। रेलवे लाईन चालू हो गई है। आईएमटी रोजकामेव में उद्योग स्थापित हो रहा हैं। जाकिर हुसैन ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस व कांग्रेस के नेताओं ने क्षेत्र के लोगों को डराने, धमकाने व लोगों को फर्जी केसों में फंसाकर रखने की राजनीति की है। क्षेत्र के लोगों का खून चूसने का काम किया है। तत्कालीन कांग्रेस सरकार में परिवहन मंत्री होते हुए यहाँ के बच्चों को सरकारी नौकरियाँ लगाने की बजाए रोहतक, झज्जर आदि जिलों में नौकरियों को बेचने का काम किया है। जाकिर हुसैन ने सम्मान-समारोह में उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में मेवात से कमल खिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की लोकप्रिय सरकार बनने जा रही है और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ही अगले मुख्यमंत्री होंगे।

जयपाल जांगड़ा छछेड़ा, डॉक्ट्र महेन्द्र कुमार सगंल, हरीश शर्मा बॉबी भिरावटी, सुंदर चेयरमैन आलदूका, बहादुर सिंह सरपंच आलदुका आदि ने भी मंच से भाजपा नेता चौधरी जाकिर हुसैन की जमकर तारिफें की। उन्होंने कहा कि जाकिर हुसैन जैसा सेवक कोई ओर नहीं हो सकता। वे कभी धर्म की राजनीति नहीं करते। वे सभी वर्ग के लोगों का मान-सम्मान करते हैं। उन्होंने मेवात की 36 बिरादरी के चौधरी होने का फर्ज हमेशा निभाया है। सभी ने एक सुर में आगामी चुनावों में आलदुका व आस-पास के गाँवों से भाजपा को भारी मतों से जिताने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर साधुराम सुक्कन सिंह, बच्चू सिंह, मुकेश सिंह, लाल सिंह, चन्द्रमल नंबरदार, राम गोपाल नंबरदार, राजेश सिंह, डॉक्ट्र महेन्द्र सिंह सगंल, अमर सिंह सरपंच छोड़ा, प्रकाश सरपंच किरा, नथोर सिंह,

जयपाल जांगड़ा, शेर सिंह चेयरमैन, सुन्दर पहलवान, पंडित राजू सरपंच, आसू पहलवान घासेड़ा, हाजी शौकत, अल्ली प्रधान, वकील सरपंच टेरकपुर, नसीर एडवोकेट सडाका, अरसद पूर्व सरपंच बैंसी, शकील रायपुरी, अली सुड़ाका, जाकिर भडंगाका, इसराईल रेहना, असगर हुसैन चंदेनी, जमील पटवारी चंदेनी, पंडित उमेश, खल्ली सरपंच बीबीपुर, हमीद गोलपुरी, मुस्ताक गोलपुरी, इल्ली चंदेनी, वेदपाल डागर, जुनैद रेवासन, तौफीक टपकन, युसुफ घासेड़ा आदि मौजूद रहे।

## प्रतिभाओं को सम्मानित करने से उनका हौसला और मनोबल बढ़ता है, दयाल फाउंडेशन समाज के लिए प्रेरक, अशोक बघेल

**समाचार गेट हरिओम भारद्वाज**

होडल दयाल फाउंडेशन द्वारा चिराग बैंक्विट हॉल में अपने तृतीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल और विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध उद्योगपति भिक्कन सिंह बघेल रहे।




कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके हुई। कार्यक्रम का संचालक अनुज चौहान ने किया। दयाल फाउंडेशन की स्थापना 2021 में स्वर्गीय दयाचंद हलवाई की पुण्य स्मृति में की गई। उनके विनम्र, कर्मठ और प्रेरक व्यक्तित्व से प्रभावित होकर संस्था ने समाज में प्रतिभा सम्मान समारोह करना प्रारंभ किया। इस सम्मान समारोह के अंतर्गत प्रतिवर्ष होडल खंड के राजकीय विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाता है। कला, संगीत, साहित्य, संस्कृति, शिक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना ही संस्था का उद्देश्य है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक कुमार बघेल ने अपने संबोधन में कार्यक्रम की सराहना करते हुए समाज के लिए इसे प्रेरक बताया और विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य की ओर पूर्ण समर्पण के साथ काम करने की बात कही। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध उद्योगपति भिक्कन सिंह बघेल ने कहा कि समाज में प्रतिभा को प्रोत्साहित करने वाले कार्यक्रम चलते रहने चाहिए। समाज के संपन्न वर्ग को इन कार्यक्रमों में आगे बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी यशपाल गर्ग ने आयोजकों को कार्यक्रम की सफलता की बधाई दी और शिक्षा के लिए छात्रों और अभिभावकों को कर्मठता से काम करने की बात कही। कार्यक्रम में लगभग 80 विद्यार्थियों और विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। संस्था की ओर से प्रसिद्ध उद्योगपति भिक्कन सिंह बघेल और बद्री प्रसाद चंदेल को दयाल सम्मान से विभूषित किया गया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य जीतपाल, बृजेश शर्मा, राकेश बघेल, प्रीतपाल सिंह, यतिन मंगला, कपिल देशवाल, कैप्टन नरसिंह, चंदन सिंह बघेल,मास्टर गोपाल चंदेल, योगेश सोरोत, विष्णु गौड़, पूरनलाल भगत जी, भगवान सिंह, सावंत सैनी, नारायण सैनी, राजेंद्र सैनी, राजू खन्ना आदि उपस्थित रहे।

## डॉ समसुद्दीन शम्स को सोहना तावडू विधानसभा क्षेत्र की 36 बिरादरी का मिल रहा है भारी समर्थन

अनिल मोहनियां नूंह

सोहना तावडू विधानसभा क्षेत्र से पिछली बार कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़े डॉक्टर समसुद्दीन शम्स ने अपने तावडू कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद ही नहीं बल्कि पूरा भरोसा है कि कांग्रेस पार्टी उन्हें एक बार फिर सोहना तावडू विधानसभा क्षेत्र से टिकट देकर मैदान में उतारेगी और वह इस बार भारी वोटो से चुनाव जीत कर विधानसभा में पहुंचेंगे।



डॉ समसुद्दीन शम्स ने कहा कि भाजपा के पिछले 10 सालों के कार्यकाल में पूरा प्रदेश भय, भ्रष्टाचार और नशाखोरी में नम्बर वन हुआ है।

कांग्रेस के पिछले 10 सालों के कार्यकाल में प्रदेश जहां विकास के मामले में नंबर वन था ,आज वह बेरोजगारी में नंबर वन हो गया है। डॉ समसुद्दीन शम्स ने कहा कि आज हरियाणा में कांग्रेस का हरियाणा मांगे हिसाब कार्यक्रम को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और रोहतक लोकसभा क्षेत्र से सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा मांगे हिसाब अभियान चलाया हुआ है। जिसमें हरियाणा के सभी विधानसभा क्षेत्रों में जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में हरियाणा में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनने जा रही है। आज जनता पूरी तरह भाजपा सरकार से दुखी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में व्यापारी, मजदूर , किसान,कर्मचारी और सभी वर्ग पूरी तरह परेशान है। आज महंगाई ने हर वर्ग की कमर तोड़कर रख दी है। जिससे आम आदमी का इस भाजपा सरकार में जीना मुहाल हो गया है। उन्होंने कहा कि सोहना तावडू विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी ने उन्हें उम्मीद ही नहीं बल्कि पूरा भरोसा है कि उन्हें टिकट देने का पूरा मन बना लिया है और टिकट मिलते ही उन्हें पूरा भरोसा है कि वह सोहना तावडू विधानसभा क्षेत्र से रिकॉर्ड तोड़ वोटो से जीत कर विधानसभा में पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि पिछली बार जनता के बीच टिकट मिलने के बाद जाने का कम समय मिला था, लेकिन इस बार वह पूरे 5 साल जनता के बीच रहे हैं और जनता के सुख-दुख में शामिल हुए हैं। आज क्षेत्र की जनता उन्हें भरपूर प्यार और समर्थन मिल रहा है। जिससे उनका विधानसभा में पहुंचना लगभग तय हैं। समसुद्दीन ने कहा कि सोहना तावडू विधानसभा की 36 बिरादरी लगातार उनके संपर्क में है और 36 बिरादरी के सभी लोगों का उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनने जा रही है।

## इस बार हरियाणा में बनेगी त्रिशंकु सरकार, जेजेपी निभाऐगी महत्वपूर्ण भूमिका:उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला

**अनिल मोहनियां नूंह**

रविवार को जिला मेवात में पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने दौरा कर पुन्हाना हल्के में जमालगढ़ रोड पर डॉक्टर नफीसा अस्पताल का उद्घाटन किया।उसके पश्चात कार्यकर्ताओ मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा कि बीते समय मेवात की मुश्किल घड़ी में हम मेवात के लोगों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर खड़े रहे और जय हरियाणा, जय मेवात का नारा दिया। मेवात के विकास में हमने बैटरी की सबसे बड़ी कंपनी एटीएल और करोड़ों रुपए लागत का इलेक्ट्रॉनिक क्लस्टर लगाने का काम भी किया। नौकरी के अवसर पैदा करने के साथ-साथ मेवात के विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई। राजनीति, पंचायत व राशन डिपो में आरक्षण कर महिलाओं के विकास के लिए भी काम किया। उन्होंने कहा कि ताऊ देवीलाल के समय भी कुछ लालची नेताओं के कारण पार्टी लेवल को नुकसान हुआ। लेकिन तब भी पार्टी सत्ता में लौट कर आई।विधायकों द्वारा इस्तीफा देने के सवाल पर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान कुछ कुछ विधायकों को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण नोटिस दिए गए थे।



आगामी विधानसभा चुनाव में हरियाणा में भी त्रिशंकु सरकार बनने के आसार है।फिर से कार्यकताओं की मेहनत और आम लोगों के प्यार और आशीर्वाद से सत्ता की चाबी जेजेपी के हाथ होगी।

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए संघर्ष के भरे शेष 42 दिनों में मेहनत कर जेजेपी को जिताने का काम करें।इसके उपरांत पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला मरहूम चौधरी बदरुद्दीन के निधन पर शोक व्यक्त करने नूंह- तावडू रोड स्थित उनके निवास 'अडबर हाउस' पर पहुंचें। उनके बडे साहबजादे जेजेपी जिलाध्यक्ष नासिर हुसैन व उनके परिवार से मुलाकात कर उनको हिम्मत दी। उन्होंने कहा कि चौधरी बदरुद्दीन का निधन अपूरणीय क्षति है। वे नेक दिल,ईमानदार ,निष्ठावान पार्टी नेता थे। उन्होंने जिलाध्यक्ष नासिर हुसैन के साथ मरहूम बदरुद्दीन के पूरे राजनीतिक जीवन व किये सामाजिक कार्यों पर भी विचार सांझा किये व उनके बताए पदचिन्हों पर चलने की सलाह दी। जिला प्रवक्ता राहुल जैन ने बताया कि इस मौके पर हरियाणा हज कमेटी चैयरमैन मोहसिन चौधरी,राष्ट्रीय प्रचार सचिव दलबीर धनकड,जिला प्रभारी जान मोहम्मद,नगर परिषद चैयरमैन संजय मनोचा,प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन,पूर्व युवा प्रधान वसीम अहमद,नुहू हलका प्रधान आस मोहम्मद,पुन्हाना हल्का प्रधान आरिफ खान,पूर्व महिला प्रधान डॉक्टर नफीसा तैयब,अकबर लहरवाडी,साकिर हुसैन सालाहेड़ी,जफर एडवोकेट,पूर्व अध्यक्ष समसुद्दीन गूमल,जावेद सालाहेड़ी, पूर्व युवा हलका प्रधान डॉक्टर जावेद खान,पलवल जिलाध्यक्ष देवेंद्र सुरौत सुखराम डागर, मूनफैद खान, पूर्व प्रदेश सचिव नसीम रोजकामेव,हाजी खुर्शीद,साबिर,मियांजी

मूसा,आफताब खान,उमर सहाबूद्दीन,आजाद भूदर सहित पार्टी वरिष्ठ नेतागण,पदाधिकारी तथा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## अशोक मेमोरियल पब्लिक स्कूल ने किया नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन

**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** अशोक मेमोरियल पब्लिक स्कूल के संस्थापक स्व. गिरधारी लाल सचदेवा की पुण्य तिथि पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूल परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में नेत्र रोग,हड्डी रोग,स्त्री रोग तथा हृदय रोग विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएँ प्रदान की इसके अतिरिक्त वहाँ पर निःशुल्क रक्त जाँच,ईसीजी,फिजियोथेरेपी की भी व्यवस्था थी इस शिविर का आयोजन फोर्टिस हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया इस शिविर में राजीव गांधी कैंसर संस्थान ने भी अपना योगदान दिया।जिन्होंने 40वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए निःशुल्क मेमोग्राफी की भी व्यवस्था की थी जिसमें 50 से अधिक महिलाओं ने इसका लाभ उठाया।

रक्त दान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें 70रक्तवीरों ने रक्त दान किया। दिव्यांगों को ट्राईसाईकिल व व्हील चेयर वितरित किया गया।कुल 4 ट्राइसाइकिल तथा 9 व्हील चेयर का वितरण किया गया। इस शिविर का शुभारंभ चेयरमैन विनोद सचदेवा एवं मैनेजर श्रीमती गीता सचदेवा ने रिबन काटकर किया।

इस अवसर पर मोतियाबिंद का लेंस वाला ऑपरेशन भी निःशुल्क करवाया जाता है।



उपस्थित छात्र-छात्राओं व आए हुए अतिथियों को सम्बोधित करते हुए स्कूल के चेयरमैन विनोद सचदेवा ने कहा कि स्कूल के संस्थापक स्व. गिरधारीलाल जी पर्यावरण प्रेमी भी थे। अपने पूरे जीवन उन्होंने पर्यावरण की भलाई के लिए अनेक कार्य किए और अब उनकी अगली पीढ़ी उनकी इस भावना को आगे बढ़ाने के लिए सदैव तत्पर रहती है और इसी क्रम में प्रति वर्ष पेड़ (तरु भेंट ) कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी इस कार्यक्रम के अंतर्गत 2000 के लगभग पेड़ - पौधे आस पास के इलाके में वितरित किए गए।

मैनेजर श्रीमती गीता सचदेवा ने कहा कि विद्यालय में चलने वाले माता संतोष देवी सिलाई केंद्र में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को सिलाई सिखाई जाती है और उन्हें सर्टिफिकेट देने के साथ सिलाई मशीन भी दी जाती है ताकि वह स्वतंत्र रूप से अपना कार्य प्रारंभ कर अपने पैरों पर खड़ी हो सकें। आज भी लगभग 9 महिलाओं को सर्टिफिकेट के साथ और 20बीपीएल महिलाओं को सिलाई मशीनें भेंट की गई।इस सारे कार्यक्रम में वॉरियर्स सर्विस क्लब और रोटरी क्लब ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

इस अवसर पर कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का चेयरमैन विनोद सचदेवा,श्रीमती गीता सचदेवा व प्रधानाचार्या श्रीमती ममता सिंह ने पौधे व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मैनेजिंग कमेटी के सदस्य गण श्रीप्रेम सागर, श्री प्रमोद सचदेवा, श्रीमती स्नेह सचदेवा, श्रीमती प्रतिमा ओबेरॉय के साथ पी के खरबंदा सहित समूचा स्कूल स्टाफ व पदाधिकारी मौजूद थे।

अपने विद्यार्थियों को मानवता का पाठ पढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष बारहवीं कक्षा के विद्यार्थी वृद्धाश्रम जाते हैं और वहां के वृद्धों से जीवन के अनुभव लेने का प्रयास करते हैं।इसके साथ ही हमारे विद्यार्थी कैंसर से पीड़ित बच्चों से भी मिलने जाते हैं और उन्हें कुछ समय की खुशी देने का प्रयास करते हैं।विद्यालय शिक्षा के साथ ऐसे मानवता के कार्य भी समय -समय पर करता रहता है।

## एवीटी हथीन ने स्मैक मादक पदार्थ तस्करी में शामिल दूसरे तस्कर आरोपी पर कसा शिकंजा




**ज्योति खंडेलवाल /पलवल :-** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक श्री चंद्र मोहन के कुशल निर्देशन में जिला पुलिस लगातार मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजने का काम कर रही है। इसी कड़ी में एवीटी हथीन ने प्रतिबंधित मादक पदार्थ स्मैक तस्करी में शामिल दूसरे आरोपी तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।एवीटी हथीन प्रभारी उप निरीक्षक दीपक गुलिया ने बताया कि मामले में दिनांक 6 अक्टूबर 2023 को स्टाफ में तैनात एएसआई हकमुद्दीन के नेतृत्व में गठित टीम ने थाना हथीन क्षेत्र अंतर्गत गुरुग्राम केनाल हथीन नुंहँ रोड नहर के पुल पर नाका बन्दी कर मोटर साईकल न० एचआर52इ-3157 मार्का स्पलेंडर पर सवार आरोपी मुबारिक पुत्र अकतर निवासी गाँव खेडला थाना जिला नुंहँ को नियम अनुसार 59.20 ग्राम स्मैक मादक पदार्थ सहित काबू किया था। इस पर हथीन थाना मे आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोपी को आरोपी को पेश अदालत कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।प्रभारी एवीटी हथीन ने आगे बताया कि मामले में आगामी जांच इकाई एएसआई उपदेश कुमार ने दिनांक 17 अगस्त 2024 को इस तस्करी में दीपक सक्सेना निवासी ग्रेटर नोएडा उप्र का नाम आने पर आरोपी को भी नियमानुसार गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जायेगा

ताकि मादक पदार्थ तस्करी के पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा। मादक पदार्थ तस्करी के नेटवर्क से जुड़े किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

## विशाल दंगल का आयोजन आज

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्षाबंधन के पावन पर्व के उपलक्ष्य में 19 अगस्त को खेड़ी कलां दंगल कमेटी द्वारा गांव खेड़ी कलां, तेवतिया वैली मास्टर रोड़ नजदीक डेन्टल कालेज पर विशाल दंगल (कुश्तियों) का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए दंगल कमेटी के सतपाल नरवत और कमल सिंह ने बताया कि दंगल में पहला ईनाम 31 हजार का रहेगा और इसमें फरीदाबाद, सोनीपत, पलवल, गुरुग्राम, हथीन और होडल के पहलवान भाग लेगें। उन्होंने बताया की दोपहर 2 बजे से दंगल प्रारंभ होगा और इसमें आसपास के गांव के हजारो लोग देखने पहुंचेगें।

## कराटे बेल्ट टेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड कार्यक्रम सम्पन्न



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा एवं उनके बड़े भाई भाजपा नेता पंडित टिपर शर्मा के सहयोग से कराटे बेल्ट टेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड के दौरान विजेता बच्चों को बेल्ट देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर बच्चों के माता-पिता एवं खिलाड़ियों ने खुशी जाहिर की। टेस्ट प्रतियोगिता में डॉक्टर गीता गिरी को बेस्ट कराते मास्टर अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। गीता गिरी को यह सम्मान इंटरनेशनल कराटे मास्टर, इंटरनेशनल, पॉलीटिकल एडवाइजर, इंटरनेशनल एस्ट्रोलॉजर, पंडित प्रोफेसर गणेश तिवारी ने दिया। कार्यक्रम के समापन पर गौतम क्लिनिक से डॉक्टर इंद्रजीत सिंह गौतम, अखिल भारतीय सर्वजाति विकास पार्टी के आर.एस. मौर्या ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। खिलाड़ियों का टेस्ट शोतोकान कराटे ट्रैनिंग सैन्टर-22 के मुख्य कोच मास्टर राजन राय ने लिया। मास्टर वीर कुमार को ब्लैक बेल्ट देकर सम्मानित किया गया। मास्टर वीर कुमार ने अपने गुरु गणेश तिवारी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अशोक डी स्टार, कोषाध्यक्ष सुरेश सिंह ने मैनेजमेंट संभाला, वहीं शहर के गणमान्य लोगों को फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

## सागर चावला बने भाजयुमो के जिला सचिव

समाचार गेट/कविता



**फरीदाबाद।** भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष शोभित अरोड़ा ने युवा नेता सागर चावला को भाजपा युवा मोर्चा का जिला सचिव नियुक्त किया है। शोभित अरोड़ा ने यह नियुक्ति भाजयुमो के वरिष्ठ नेताओं की स्वीकृति से की है। अपनी नियुक्ति पर नवनियुक्त भाजयुमो जिला सचिव सागर चावला ने केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जरए भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, निवर्तमान वरिष्ठ उपमहापौर देवेंद्र चौधरी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष शोभित अरोड़ा, भाजयुमो प्रभारी राजन मुथरेजा, भाजपा जिला सचिव एवं सह प्रभारी गोल्डी अरोड़ा सहित अन्य भाजपा नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई हैए उसे वह पूरी निष्ठा से निभाएंगे और संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर ज्यादा से ज्यादा कार्यकताओं को भाजपा से जोड़ेंगे, जिससे कि तीसरी बार हरियाणा में फिर से भाजपा जीत की हैट्रिक लगा सके।

## संदिग्ध परिस्थितियों में सिक्योरिटी गार्ड की मौत

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** संदिग्ध परिस्थितियों में 60 वर्षीय सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके में पहुंची पुलिस ने व्यक्ति के शव को पोस्टमॉर्टम करवाने के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया। झाड़सेतली के पास सेक्टर 59 स्थित डीएसवाई फोर्स कंपनी में काम कर रहे 60 वर्षीय व्यक्ति के संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। करीब 2 घंटे बाद कंपनी में दूसरे मजदूरों ने उसे मृत अवस्था में देखकर पुलिस को सूचित किया। इसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया है। मृतक व्यक्ति कपूर चंद गुप्ता के बेटा राहुल ने बताया कि बल्लभगढ़ के सेक्टर 3 के रहने वाले है। उसके पिता रात 8 बजे घर से अपनी सिक्योरिटी गार्ड की नाईट ड्यूटी के लिए सेक्टर 59 स्थित डीएसवाई फोर्स कंपनी में गए हुए थे। सुबह 8 बजे उनकी छुट्टी हो जाती है, लेकिन जब 9 बजे तक घर नहीं पहुंचे, तो उन्हें फोन किया गया, लेकिन फोन नहीं उठाया। बाद में जब दूसरे किसी व्यक्ति को फोन करके वहां चेक करने के लिए बोला, तो पता चला कि उनकी कंपनी के गार्ड रूम में मौत हो चुकी है।

जब कंपनी में जाकर देखा तो पिता बिना शर्ट के कुर्सी पर मृत अवस्था में थे और पूरा शरीर नीला पड़ चुका था। सुबह करीब 9 बजे यह सूचना मिली कि उनकी मौत हो चुकी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने उनके बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल में रखवा दिया है। अभी तक यह पता नहीं चल पाया कि उनकी मृत्यु किस कारण हुई है, क्योंकि उनके बॉडी पर किसी भी तरह का कोई चोट जैसा निशान नहीं था। बस पूरा शरीर नीला पड़ हुआ था। जब इस बारे में कंपनी मालिक से बात की गई, तो उन्होंने कुछ नहीं बोला। परिजनों ने कहा हमें बस यह पता जानना है, उनकी मृत्यु कैसे हुई है।

परिजनों ने यह भी आरोप लगाए कि उनके फोन से सभी डाटा डिलीट भी किया गया है। सेक्टर 58 थाने से पोस्टमॉर्टम करवाने के लिए पुलिस की तरफ से पहुंचे हवलदार सुलतान सिंह ने कहा कि मृतक की उम्र 60 साल है तथा उनका नाम कपूर चंद गुप्ता है। एक निजी कंपनी डीएसवाई फोर्स कम्पनी के अंदर कार्य थे। उनकी मृत्यु कंपनी के गार्ड रूम के अंदर किस कारण हुई है। यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा। परिवार का जो भी आरोप है, उसकी जांच जरूर की जाएगी। कंपनी के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए जाएंगे, जो भी कार्यवाही होगी पुलिस द्वारा की जाएगी।

## 610 ग्राम गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर 56 की टीम ने नशा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी विकास उर्फ धारू मूल रूप से बिहार के नालंदा जिले का जो वर्तमान में डबुआ कॉलोनी का रहने वाला है।

आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से गस्त के दौरान डबुआ कॉलोनी से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 610 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना डबुआ में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह 400 प्रतिदिन के हिसाब से किसी व्यक्ति के लिए गांजा बेचता है। आरोपी 100 की पुड़िया बनाकर देता है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

# नागर बोले : जनहित में करें काम, मैं हर सहयोग के लिए उपलब्ध हूं



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद स्थित सेक्टर 82 की फ्लोरिडा सोसाइटी में संपन्न हुए आरडब्ल्यूए चुनाव के बाद नवनिर्वाचित टीम ने विधायक राजेश नागर से मिलकर उन्हें सम्मानित किया।

नई टीम ने कहा कि वह विधायक से विकास कार्यों में सहयोग मांगने के लिए यहां आए थे। हमने उन्हें अपनी नई टीम से परिचित करवाया और भविष्य में हर प्रकार के सहयोग की बात कही।

विधायक राजेश नागर ने बताया कि यह प्रसन्नता की बात है कि नई आरडब्ल्यूए की टीम में अधिकांश प्रमुख पदों पर महिला प्रत्याशी विजयी रही हैं। जो कि नारी शक्ति के बढ़ते कदमों को दिखाता है। हमारी भाजपा सरकार और संगठन बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के नारे को चरितार्थ करने के लिए काम करते हैं। यही कारण है कि आज हरियाणा में बेटा बेटी का अनुपात बहुत तेजी से सुधरा है। वहीं बड़ी संख्या में सरकारी स्कूलों को सह शिक्षा और सीबीएसई मॉडल बनाया जा रहा है। नागर ने कहा कि हर वर्ग को सुविधा संपन्न बनाने वाली भाजपा जैसी सरकार हरियाणा में पहले कभी नहीं हुई। भाजपा के लिए सबसे पहले देश है, परिवार सबसे बाद में क्योंकि हम यह मानते हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की जनता के लिए अपना जीवन दे रहे हैं वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी प्रदेश की तरक्की में अपना पसीना लगा रहे हैं। सीएम ने हरियाणा की जनता का दिल जीता है और अब एक अक्टूबर को हरियाणा भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए तैयार है। आप लोग भी हमारा सहयोग करें। मैं तो पहले के जैसे आपके लिए हमेशा उपलब्ध हूं।

इस अवसर पर फ्लोरिडा आरडब्ल्यूए की नवनिर्वाचित प्रेसिडेंट प्रियंका कुमारी, वाइस प्रेसिडेंट मोनिका मेहरा, जनरल सेक्रेटरी निवेदिता मिश्रा, जॉइंट सेक्रेटरी तरुण सिंह, ट्रेजरर बीके सैनी, एग्जीक्यूटिव मेंबर दिनेश चंद्र द्विवेदी, संदीप कुमार, अंजू कुमारी राजपूत, कुशल शर्मा, दीप्ति मेहता, अंजू कुमारी, भुवन चंद्र, प्रीति शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक शारदा राठौर के नेतृत्व में युवाओं ने थामा कांग्रेस का हाथ



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही विभिन्न पार्टियों व नेताओं में चुनावी हलचल तेज हो गई है। इसी के चलते रविवार को मोहना रोड स्थित कार्यालय पर पूर्व विधायक शारदा राठौर के नेतृत्व में विभिन्न कॉलोनी व सेक्टरों से युवा भाजपा छोडकर कांग्रेस में शामिल हुए हैं ।

इस अवसर पर शारदा राठौर ने कहा कि भाजपा सरकार से हर वर्ग परेशान है। सबसे अधिक परेशानी युवा बेरोजगार हैं। जिन्हें अपनी पढ़ाई करने के बाद रोजी-रोटी कमाना मुश्किल हो रही है। चुनाव की घोषणा होने से पहले सरकार के खिलाफ बोलने वाले को डराया धमकाया जाता था। इसलिए लोग खुलकर सामने नहीं आ रहे थे। चुनाव की घोषणा हो चुकी है। आदर्श आचार संहिता भी लग चुकी है। अब लोग खुलकर भाजपा के खिलाफ बोल रहे हैं और भाजपा को छोड़कर जा रहे हैं।

रविवार को काफी संख्या में युवा मोहना रोड कार्यालय पर पहुंचे जहां पर उन्हें कांग्रेस का पटका पहन कर पार्टी में शामिल होने घोषणा की गई। यह सिलसिला लगातार चल रहा है और आगे भी चलता रहेगा। जनसंपर्क के दौरान भी लोग खुलकर सामने आ रहे हैं और कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचने में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता व काफी कार्यकर्ता लगातार संपर्क में है जो कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा करेंगे। इस दौरान कांग्रेस में शामिल हुए युवाओं ने कहा कि भाजपा में युवाओं का शोषण होता है। कांग्रेस पार्टी एक ऐसी जहां पर युवाओं को पूरा सम्मान दिया जाता है। इसलिए कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की है। इस मौके पर काफी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एनआईटी क्षेत्र के विकास में नहीं छोड़ेंगे कोई कसर : यशवीर डागर



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता यशवीर डागर ने रविवार को जवाहर कालोनी की सौभाग्य वाटिका में महिला सम्मलेन का आयोजन किया। सम्मेलन में समूचे क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपनी भागेदारी निभाई। इस दौरान यशवीर डागर ने क्षेत्र की बहनों से राखियां बंधवाते हुए विश्वास दिलाया कि अगर उनके आशीर्वाद से वह विजयी होकर विधानसभा में पहुंचे तो एनआईटी क्षेत्र को विकास के मामले में सबसे अव्वल क्षेत्र बनाने का काम करेंगे।

श्री डागर ने कहा कि एनआईटी क्षेत्र पिछले पांच सालों से बदहाली का शिकार बनकर रह गया है, कालोनियों में गलियां टूटी पड़ी है, सीवरेज ओवरफ्लो पड़ी है, पीने के पानी की भारी किल्लत है, सड़कें टूटी पड़ी है, लेकिन मौजूदा कांग्रेसी विधायक स्वार्थ की राजनीति में व्यस्त है, उन्हें जनता की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। यशवीर डागर ने कहा कि एनआईटी क्षेत्र उनका परिवार है और इस परिवार की वह लायक बेटे की तरह सेवा कर रहे है और लोगों की समस्याओं को दूर करवाने में कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ेंगे। श्री डागर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व वाली सरकार हर वर्ग का उत्थान करने में जुटी है और वह लोगों को यह विश्वास दिलाते है कि अगर क्षेत्र की जनता ने उन्हें विधायक चुनकर चंडीगढ़ में भेजा तो वह लोगों की हर समस्या का जड़मूल से समाधान करवाने का काम करेंगे।

## भंडारे में बन रही सब्जी की कढ़ाई में गिरी दो बच्चियां, एक बच्ची की मौत

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** गांव डीग में दो मासूम बच्चियों गर्म सब्जी की कढ़ाई में गिर गई। जिसके चलते एक बच्ची की मौत हो गई, तो दूसरी बच्ची को दिल्ली के ऑल इंडिया मेडिकल के लिए रेफर किया गया। मृतक बच्ची जिया के पिता दया किशन ने बताया कि उनकी 2 साल की बेटी जिया को पड़ोस की ही रहने वाले दयाराम की 12 वर्ष से बेटी परिधि गोद में लेकर खिला रही थी। गांव में भागवत कथा खत्म होने के बाद आज गांव में भंडारे का आयोजन था। जिसके चलते भोजन प्रसाद बन रहा था, सब्जी बनने के बाद हलवाई ने सब्जी को भी से उतार कर जमीन पर रख दिया था। इस दौरान परिधि उनकी 2 साल की बेटी को गोद में लेकर उसे खिलाते हुए वहां से निकल रही थी और वह कुछ दूरी पर ही खड़े थे कि तभी अचानक से परिधि का बैलेंस बिगड़ गया और परिधि एवं उनकी 2 साल की बेटी जिया गर्म सब्जी कढ़ाई में गिर गई। जैसे ही परिधि और उनकी बेटी कढ़ाई में गिरी, उन्होंने तुरंत उन्हें कढ़ाई से निकाल लिया और आनन-फानन में उन्हें लेकर वह बल्लभगढ़ स्थित सरकारी अस्पताल में पहुंचे।

डॉक्टरों ने केवल जलने की क्रीम लगाई, उनकी बेटी जिया और परिधि का सही से ईलाज नहीं किया। काफी देर होने के बाद उन्होंने केवल मेडिकल रिपोर्ट बनाकर उन्हें दे दी और कहा कि वह इन्हें ईलाज के लिए दिल्ली के ऑल इंडिया मेडिकल ले जाए। इसके बाद में वह जिया को लेकर फरीदाबाद के सेक्टर 8 स्थित एक निजी अस्पताल में पहुंचे। जहां पर डॉक्टर ने बताया कि जिया को कोई भी इंजेक्शन दवाई नहीं दी गई है, केवल उसे जलने की क्रीम लगाई गई है। फिलहाल परिधि के माता-पिता उसे इलाज के लिए दिल्ली के ऑल इंडिया मेडिकल लेकर गए हैं।

जयकिशन ने बताया कि बल्लभगढ़ के सरकारी अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ ने उनकी बेटी के इलाज में लापरवाही की है। जिसके चलते उनकी बेटी की मौत हुई है। वह चाहते हैं कि अस्पताल में उनकी बेटी के इलाज में लापरवाही बरतने वाले स्टाफ और डॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। इसको लेकर वह सीएम विंडो से लेकर सीएम को शिकायत भी करेंगे। वहीं मृतक बच्ची के ताऊ पवन ने बताया कि गांव में भंडारा हो रहा था। इसके लिए गांव में प्रसाद बनाया जा रहा था, लेकिन इसमें हलवाई की गलती है कि उसने प्रसाद को ढककर और साइड में नहीं रखा। यदि ऐसा होता, तो उनकी भतीजी और पड़ोसी की बेटी परिधि के साथ यह घटना नहीं घटती। वह चाहते है की प्रसाद बनाने वाले हलवाई के खिलाफ भी लापरवाही का मामला दर्ज हो।

## अस्पताल में लापरवाही से पुलिसकर्मी की बच्ची की मौत



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** यूपी पुलिस के एक पुलिसकर्मी को अपने जानकारों के द्वारा एनएच तीन स्थित एक निजी अस्पताल में अपनी गर्भवती पत्नी की डिलीवरी करवाना भारी पड़ गया। पहली डिलीवरी के बाद पैदा हुई बच्ची की अस्पताल प्रबंधन के द्वारा बरती गई लापरवाही से मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि डिलीवरी के बाद स्वस्थ बच्ची का जन्म हुआ था, लेकिन जबरन आईसीयू में रखने का सुझाव चिकित्सकों ने दिया, लेकिन आईसीयू में बच्ची पर कोई ध्यान न दिए जाने के कारण करीब 17 घंटे के दौरान ही बच्ची की मौत हो गई। इस मामले में पहले तो पुलिस मामला दर्ज करने के बजाय परिजनों को टालती रही। लेकिन जब बच्ची के पिता ने कहा कि वह इस मामले को दर्ज करवाना चाहते है, कितना भी समय क्यों न लगे वह भी पुलिस में है, तब कही जाकर पुलिस चौकी इंचार्ज ने उनकी शिकायत दर्ज की।

**यह है पूरा मामला:** यूपी के गाजीपुर में तैनात पुलिसकर्मी आकाश के ससुराल वालों ने उनकी पत्नी शिवानी को प्रसव पीड़ा होने पर तीन नम्बर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया था। जहां शनिवार की दोपहर को शिवानी की डिलीवरी ऑपरेशन के माध्यम से करवा दी। शिवानी ने ऑपरेशन के बाद एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। बच्ची का वजन लगभग 3.30 किलो था। वह सही से हाथ पांव चला रही थी, देखने में बिल्कुल स्वस्थ लग रही थी। शिवानी मां रीता देवी ने बताया कि डिलीवरी होने के बाद उन्होंने ऑपरेशन के 40 हजार रुपए जमा कराए, लेकिन डॉक्टर ने ऑपरेशन होने की बात कह कर उन्हें कहा कि एक-दो दिन अभी बच्ची को आईसीयू में रखना पड़ेगा। इसके बाद उसे छुट्टी दे दी जाएगी। इस दौरान शिवानी के पिता राजेश कुमार से पांच हजार रुपये अलग से ले लिए। शिवानर की मां रीता देवी कई बार कई बार बच्ची को देखने के लिए गई, तो अस्पताल के स्टाफ ने उन्हें बच्ची को देखने नहीं दिया। बच्ची रो रही थी, उन्होंने कहा कि बच्ची भूखी हो सकती है, उसे दूध पिलाया जाए, लेकिन अस्पताल के स्टाफ ने यह कहकर उन्हें डांट दिया कि ये उनकी जिम्मेदारी है। सुबह उन्हें छह बजे बच्ची की मौत की सूचना दे दी गई, जिस पर उन्होंने 112 नम्बर से पुलिस को बुलवा लिया। पुलिस ने पहले तो परिजनों को कहा कि केस करने में दो तीन साल तक का समय नष्ट होगा, इस पर बच्ची के पिता ने उन्हें बताया कि वह स्वयं पुलिसकर्मी है और लापरवाही बरतने वालों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही चाहते है, तब जाकर पुलिस ने उनकी शिकायत दर्ज करवाई और पोस्टमार्टम के लिए कहा।

# आदेश आगामी 06 अक्टूबर तक रहेंगे लागू, अवहेलना होने पर होगी सख्त कार्यवाही

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि हरियाणा विधानसभा के आगामी आम चुनाव 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लागू की गई है। कोई भी ऐसी ताकत जो फरीदाबाद जिले के भीतर शांति को अस्थिर करेगी और अनधिकृत रैलियों, धरनों के आयोजन की योजना बनाकर और अन्य आंदोलन विधियों का सहारा लेकर आदर्श आचार संहिता के दिशानिर्देशों/निर्देशों का उल्लंघन करने की कोशिश करेगी, ऐसी परिस्थिति उत्पन्न होने से रोकने तथा कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला फरीदाबाद की सीमा में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किए जाते हैं कि सभी राजनीतिक दल और उम्मीदवार या व्यक्ति प्रशासन द्वारा जारी नियमों व शर्तों का पालन करेंगे। फरीदाबाद जिले की सीमा के भीतर यह आदेश 16 अगस्त को शून्य काल से 06.10.2024 तक की अवधि के लिए लागू रहेंगे। नियमों की अवहेलना किए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि हरियाणा विधान सभा के आम चुनाव 2024 के दौरान और वैध रूप से नियोजित व्यक्तियों को किसी भी बाधा, परेशानी या चोट से बचने के लिए और मानव जीवन और संपत्ति को खतरे में डालने, सार्वजनिक शांति और सौहार्द को भंग करने और दंगों और झगड़े का कारण बनने से रोकने तथा भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता के निर्देशों के उल्लंघन करने को रोकने के लिए सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों और सभी व्यक्तियों को नियमों और शर्तों की पालन सुनिश्चित करनी होगी। जैसे कि कोई भी पार्टी या उम्मीदवार या व्यक्ति किसी भी ऐसी गतिविधि में शामिल नहीं होगा जो मतभेदों को बढ़ाए या आपसी नफरत पैदा करे या विभिन्न जातियों और समुदायों, धार्मिक या भाषाई के बीच तनाव पैदा करे। अन्य राजनीतिक दलों की आलोचना, जब की जाती है, तो उनकी नीतियों और कार्यक्रम, पिछले रिकॉर्ड और काम तक ही सीमित होगी।

पार्टियां और उम्मीदवार किसी भी व्यक्ति के निजी जीवन के सभी पहलुओं की आलोचना से परहेज करेंगे, जो अन्य दलों के नेताओं या कार्यकताओं की गतिविधियों से जुड़े नहीं हैं। असत्यापित आरोपों या विरूपण के आधार पर अन्य दलों या उनके कार्यकताओं की आलोचना से बचा जाएगा। वोट हासिल करने के लिए जाति या सांप्रदायिक भावनाओं का सहारा नहीं लिया जाएगा। मस्जिद, चर्च, मंदिर या अन्य पूजा स्थलों का इस्तेमाल चुनाव प्रचार के लिए मंच के रूप में नहीं किया जाएगा। सभी दल और उम्मीदवार उन सभी गतिविधियों से पूरी ईमानदारी से दूर रहेंगे जो चुनाव कानून के तहत भ्रष्ट आचरण और अपराध हैं, जैसे मतदाताओं को रिश्वत देना, मतदाताओं को डराना, मतदाताओं का प्रतिरूपण करना, मतदान केंद्रों के 100 मीटर के भीतर प्रचार करना, मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान सार्वजनिक बैठकें आयोजित करना और मतदान केंद्रों से मतदाताओं को सभी स्थानों पर ले जाना। प्रत्येक व्यक्ति के घरेलू जीवन के अधिकार का सम्मान किया जाएगा, चाहे राजनीतिक दल या उम्मीदवार उसके राजनीतिक विचारों या गतिविधियों से कितना भी नाराज क्यों न हों। किसी भी परिस्थिति में किसी व्यक्ति के विचारों या गतिविधियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन या घरों के सामने धरना आयोजित नहीं किया जाएगा। कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार या व्यक्ति अपने जिला मनोस अनुयायियों को किसी व्यक्ति की भूमि, भवन, परिसर की दीवार आदि का उपयोग उसकी अनुमति के बिना झंडा फहराने, बैनर टांगने, नोटिस चिपकाने, नारे लिखने आदि के लिए नहीं करने देगा। राजनीतिक दल और उम्मीदवार तथा व्यक्ति यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके समर्थक अन्य दलों द्वारा आयोजित सभाओं और जुलूसों में बाधा उत्पन्न न करें। एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ता या समर्थक मौखिक या लिखित रूप से प्रश्न पूछकर या अपनी पार्टी के पर्चे बांटकर ऐसी जगह पर जुलूस नहीं निकालेंगे जहाँ दुसरे दल की रैली या जुलूस निकल रहा हो। एक दल द्वारा जुलूस उन स्थानों पर नहीं निकाला जाएगा जहां दूसरी पार्टी द्वारा सभाएं आयोजित की जाएंगी। एक दल द्वारा जारी किए गए पोस्टर दूसरी पार्टी के कार्यकताओं द्वारा नहीं हटाए जाएंगे। दल, उम्मीदवार और अन्य व्यक्ति स्थानीय पुलिस अधिकारियों को किसी भी प्रस्तावित सभा के स्थान और समय के बारे में समय से सूचित करेंगे ताकि पुलिस यातायात को नियंत्रित करने और शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था कर सके। किसी पार्टी या अभ्यर्थी को पहले से पता लगाना होगा कि प्रस्तावित सभा स्थल पर कोई प्रतिबंधात्मक या निषेधात्मक आदेश लागू है या नहीं, यदि ऐसे आदेश हैं तो उनका कड़ाई से पालन किया जाएगा। यदि ऐसे आदेशों से कोई छूट अपेक्षित है तो उसे समय रहते प्राप्त करने के लिए आवेदन करना होगा। यदि किसी प्रस्तावित सभा के संबंध में लाउडस्पीकर या किसी अन्य सुविधा के उपयोग के लिए अनुमति या लाइसेंस प्राप्त करना है तो पार्टी या अभ्यर्थी या ऐसे व्यक्ति संबंधित प्राधिकारी को समय रहते आवेदन करेंगे और ऐसी अनुमति या लाइसेंस प्राप्त करेंगे।

किसी बैठक के आयोजकों को बैठक में व्यवधान डालने वाले या अन्यथा अव्यवस्था पैदा करने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों से निपटने के लिए ड्यूटी पर तैनात पुलिस की सहायता लेनी होगी। आयोजक स्वयं ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करेंगे। जुलूस का आयोजन करने वाली पार्टी या प्रतिभागी या व्यक्ति जुलूस शुरू करने का समय और स्थान, अपनाए जाने वाले मार्ग और जुलूस समाप्त होने का समय और स्थान पहले ही तय कर लेंगे। आयोजकों को कार्यक्रम की अग्रिम सूचना स्थानीय पुलिस अधिकारियों को देनी होगी ताकि वे आवश्यक व्यवस्था कर सकें। किसी अन्य राजनीतिक दल के सदस्य या उनके नेताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले पुतलों को ले जाना, सार्वजनिक रूप से ऐसे पुतलों को जलाना और इस तरह के अन्य रूपों का प्रदर्शन किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार द्वारा समर्थित नहीं किया जाएगा।

## संपादकीय

### आखिर कैसी देश की आजादी के पक्षधर हैं हम?




नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

प्रत्येक भारतवासी के लिए 15 अगस्त का दिन गौरव का दिन है क्योंकि इसी दिन भारत को अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी। स्वतंत्रता दिवस को लेकर देश के प्रत्येक नागरिक के दिलोदिमाग में एक अलग ही जज्बा और उत्साह समाहित रहता है। हालांकि वर्षों की गुलामी के बाद गुलामी की इन जंजीरों से मिली आजादी को हम किस रूप में संजोकर रख पा रहे हैं, वह सभी के समक्ष है। देश को आजाद हुए पूरे 77 बरस हो चुके हैं लेकिन आजादी के इन 77 वर्षों में लोकतंत्र के पवित्र स्थल संसद और विधानसभाओं के हालात साल दर साल किस कदर बदले हैं, वह भी किसी से छिपा नहीं है, जहां अभद्रता की सीमा पार करते जनप्रतिनिधि अभद्रता की हर हद पार करते नजर आते हैं। प्रतिवर्ष जब देश की स्वतंत्रता के साथ-साथ राष्ट्र की आन-बान और शान के प्रतीक तिरंगे के नीचे खड़े होकर बहुत से ऐसे जनप्रतिनिधियों को भी देश की रक्षा व प्रगति का संकल्प लेते देखते हैं, जो वर्षभर सरेआम लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाते देखे जाते हैं तो मन में यही सवाल उठता है कि आखिर ऐसी संकल्प अदायगी से देश को हासिल क्या होता है? आजादी के दीवानों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जिस देश को आजाद कराने के लिए वे इतनी कुर्बानियां दे रहे हैं, आजादी की उसकी तस्वीर ऐसी हो जाएगी।

हालांकि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात देश ने विकास के मार्ग पर तेजी से कदम बढ़ाए और विकास के अनेक सोपान तय किए हैं। तकनीकी कौशल हासिल करते हुए देश अंतरिक्ष तक जा पहुंचा है लेकिन महिलाओं से दुर्व्यवहार की घटनाएं जिस प्रकार लगातार बढ़ रही हैं और समाज में अपराधों की तादाद भी बढ़ रही है, ऐसे में देश की गुलामी का दौर देख चुके कुछ बुजुर्ग तो अब कहते सुने भी जाते हैं कि गुलामी के दिन आज की इस आजादी से कहीं बेहतर थे, जहां अपराधों को लेकर मन में भय व्याप्त रहता था किन्तु कड़े कानून बना दिए जाने के बावजूद अपराधियों के मन में अब किसी तरह का भय नहीं दिखता। देश के कोने-कोने से सामने आते अबोध बच्चियों और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के बढ़ते मामले आजादी की बेहद शर्मनाक तस्वीर पेश कर रहे हैं। देश में महंगाई सुरसा की तरह बढ़ रही है, मध्यम वर्ग के लिए जीवनयापन दिनों-दिन मुश्किल होता जा रहा है, आतंकवाद की घटनाएं पग पसार रही हैं, आरक्षण की आग रह-रहकर देश को जलाती रहती है। ऐसे हालात निश्चित तौर पर देश के विकास के मार्ग में बाधक बनते हैं। हर कोई सत्ता के इर्द-गिर्द ही अपनी-अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकता नजर आ रहा है, कहीं कोई सत्ता बचाने में लगा है तो कहीं कोई इसे गिराने के प्रयासों में। संसद और विधानसभाओं में हंगामेदार तस्वीरें तो अब कोई नई बात नहीं रह गई है।

आजादी के बाद सामाजिक और आर्थिक पहलू पर देश में कमजोर तबके का स्तर सुधारने की नीयत से लागू आरक्षण के राजनीतिक रूप ने देश को आज उस चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां समूचा राष्ट्र रह-रहकर जातीय संघर्ष के बीच उलझता दिखाई देता है। स्वार्थपूर्ण राजनीति ने माहौल को इस कदर विकृत कर दिया है, जहां से निकल पाना संभव ही नहीं दिखता। आजादी के बाद के इन साढ़े सात दशकों में महंगाई, भ्रष्टाचार और अपराध इस कदर बढ़ गए हैं कि आम आदमी का जीना दूभर हो गया है। भले ही भ्रष्टाचार पर नकेल कसे जाने के कितने ही ढ़ोल क्यों न पीटे जाते रहें किन्तु वास्तविकता यही है कि आज भी अधिकांश जगहों पर बिना लेन-देन के कार्य सम्पन्न नहीं होते। बड़े नेताओं की तो छोड़ दें, छुटभैया नेताओं की भी चांदी हो चली है। आजादी के बाद लोकतंत्र के इस बदलते स्वरूप ने आजादी की मूल भावना को बुरी तरह तहस-नहस कर डाला है।

आजादी का एक शर्मनाक पहलू यह भी है कि गिने-चुने मामलों को छोड़कर हत्या, भ्रष्टाचार, बलात्कार जैसे संगीन अपराधों से विभूषित जनप्रतिनिधि भी प्राय: सम्मानित जिंदगी जीते रहते हैं। देश के ये बदले हालात आजादी के कौनसे स्वरूप को उजागर कर रहे हैं, विचारणीय है। लोकतंत्र के हाशिये पर खड़ी देश की जनता के लिए इस दिशा में फिर से चिंतन-मंथन करना आवश्यक हो गया है कि वह आखिर किस तरह की आजादी की पक्षधर है? आज की आजादी, जहां तन के साथ-साथ मन भी आजाद है, सब कुछ करने के लिए, चाहे वह वतन के लिए अहितकारी ही क्यों न हो, या उस तरह की आजादी, जहां वतन के लिए अहितकारी हर कदम पर बंदिश हो। आज की आजादी, जहां स्वहित राष्ट्रहित से सर्वोपरि होकर देशप्रेम की भावना को लीलता जा रहा है, या वह आजादी, जहां राष्ट्रहित की भावना सर्वोपरि स्वरूप धारण करते हुए देश को आजाद कराने में गुमनाम लाखों शहीदों के मन में उपजे देशप्रेम का जज्बा सभी में फिर से जागृत कर सके।



रनविजय यादव ने शाहपुरा स्थित गंभीरा पब्लिक स्कूल में अपनी इस विशेष प्रस्तुति से मोह लिया सबका मन।
चित्र: समाचार गेट

## एथलेटिक प्रतियोगिता में जिले को मिले दो मैडल






**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** 11वीं एथलेटिक हरियाणा सीनियर जींद नरवाना प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 18 अगस्त किया गया। दो दिवसीय इस एथलेटिक प्रतियोगिता में लड़कों के वर्ग में मंजीत हिसार ने 800 मीटर को प्रथम स्थान हासिल किया। गौरव फरीदाबाद ने दूसरा स्थान प्राप्त किया और जींद के हर्ष ने तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कियों के वर्ग में पहला स्थान इस प्रतियोगिता में कैथल की कमलप्रीत कौर ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान फरीदाबाद की रितिका गौड़ ने प्राप्त किया। वहीं करनाल के कैविन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर ओमवीर धनखड डिर्स्ट्रिक्ट सैक्रेटरी, कुलदीप ठाकुर, धर्मेन्द्र एथलेटिक कोच, केशम डीपी जीतने पर बधाई दी। इस मौके पर ओमवीर धनखड़ ने बताया कि 63वीं नेशनल एथलीट चैम्पियनशिप का आयोजन आगामी 30 अगस्त से दो सितंबर 2024 तक बैंगलौर में होगा।

## रक्षाबंधन पर्व को लेकर महिलाओं ने की राखियों की खरीदारी

### पांच रुपये से पांच हजार तक की राखियां मचा रही धूम





बाजार में सजी राखियों की खरीददारी करती महिलाएं: फोटो ओमप्रकाश पंचाल

**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** रक्षाबंधन पर बाजार सजे नजर आए। रक्षाबंधन से एक दिन पहले बाजारों में राखी, कपड़े, मिठाई, उपहारों की दुकाने सज गई हैं। वहीं दूसरी तरफ रक्षाबंधन के लिए बाजार में अभी से रौनक दिखाई देने लगी है। दुकानें कई तरह के डिजाइन की राखियों से सज गई हैं। इस बार तिरंगे रंग में रंगी हुई राखियों की डिमांड भी बढ़ गई है। इसके साथ ही बड़ों को स्टोन वाली राखी ज्यादा भा रही हैं तो बच्चों को लाइट वाली राखियां पसंद आ रही हैं। महिलाओं के बांधने के लिए लुम्बे भी इस साल साधारण राखी की बजाय बैंगल की स्टाइल में आ गए हैं। राखियों की पैकिंग देखकर भी लोग खरीदारी कर रहे है।

रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजार किस्म-किस्म की राखियों से पूरी तरह से सजकर तैयार है। बहनें अपने भाइयों के लिए राखी की खरीदारी में जुटी हुई हैं। वैसे तो कई ऐसे राखियां हैं जो लोगों को लुभा रही हैं। लेकिन इन राखियों के बीच मोदी की राखियां भी धूम मचा रही है। रक्षाबंधन पर इस बार पीएम मोदी की तस्वीर लगी हुई राखियों की धूम भी देखी जा रही है। सेक्टर-आठ में स्थित दुकानदार रोहन ने बताया कि रक्षाबंधन पर बहनें भाईयों के लिए उनके पसंद की राखी खरीदती हैं। अधिकांश चांदी और सोने की ही राखी खरीद रही हैं। इस बार कारोबार पिछले साल की अपेक्षा अच्छा होने की उम्मीद है। उनके यहां दस रुपये से डेढ़ हजार तक की राखियां उपलब्ध है।

### यह राखियां है खास:

बाजारों में इस बार दुकानों पर अमेरिकन डायमंड वाली राखियों की डिमांड भी है। इसकी चमक ही इन्हें ज्यादा आकर्षक बनाती हैं। ये राखियां 350 से 500 रुपये तक मिल रही हैं। बाजारों में इस बार भैया-भाभी के लिए राखी के सेट आ रहे है। इन सेटों पर कुंदन का वर्क किया हुआ है। स्टोन वर्क वाले सेट भी आ रहे हैं। ये 150 रुपये से लेकर 250 रुपये तक की रेंज में मौजूद हैं। इसी के साथ साधारण लुम्बे की बजाय भाभियों के बांधने के लिए बैंगल स्टाइल में लुम्बे आए हैं। ये दिखने में काफी आकर्षक लग रहे हैं। ये लुम्बे 60 रुपये से लेकर 200 रुपये तक मिल रहे है। बड़ों के अलावा बाजारों में बच्चों में आजकल मोदी के फोटो लगी राखियों के अलावा 15 अगस्त को देखते हुए तिरंगे रंग में रंगी हुई राखियां भी खास स्थान बना रही है। डोरेमॉन, छोटा भीम और बेनटेन की लाइट वाली राखियां आई हैं। ये बच्चों को काफी पसंद आ रही हैं। इसमें बिना लाइट वाली राखियां भी हैं। ये 30 रुपये से 100 रुपये तक की रेंज में हैं। इसी के साथ बाजारों में फ्लावर, स्टोन, मोती, कार्टून, कलावे, ब्रैसलेट, म्यूजिक, लाइट, लकड़ी और रुद्राक्ष की राखियां खूब मिल रही हैं। दुकानदारों ने भी अपनी दुकानों को बेहतरीन तरीके से सजाया है। बाजारों मे पांच रुपये से लेकर पांच हजार रुपये तक राखियां बिक रही हैं।

## पृथला क्षेत्र को फिर से विकास की राह पर अग्रसर करना ही मेरा उद्देश्य: पं. टेकचंद शर्मा

### पूर्व विधायक ने कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर किया चुनावी शंखनाद



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा विधानसभा चुनावों की घोषणा के मद्देनजर चुनाव लड़ने वाले संभावित उम्मीदवारों ने चुनावी तैयारियां शुरू कर दी है। इसी कड़ी में पृथला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक पं. टेकचंद शर्मा ने रविवार को गांव कैली स्थित अपने कार्यालय पर कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर चुनावी शंखनाद किया। इस दौरान पृथला क्षेत्र के 104 गांवों के कोने-कोने से पंच, सरपंच व बड़ी संख्या में मौजिज लोगों ने दोनों हाथ उठाकर टेकचंद शर्मा को भारी मतों से जिताकर चंडीगढ़ भेजने का विश्वास दिलाया। सम्मेलन का मंच संचालन हरकेश शास्त्री द्वारा किया गया।

क्षेत्र की सरदारी के समक्ष टेकचंद शर्मा ने कहा कि मैं आज जो कुछ भी हूं, क्षेत्र की जनता की बदौलत हूं, उनके आशीर्वाद व प्यार का ऋण मैं कभी नहीं उतार सकता। उन्होंने कहा कि आपने इस क्षेत्र से तीन बार विधायक चुने है और तीनों का कार्यकाल देखा। जब वर्ष 2014 में विधायक बने तो हरियाणा में भाजपा के 47 विधायक जीते और बहुमत की सरकार बनी, तब उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष सिर्फ एक ही बात रखी, जिस प्रकार भाजपा विधायक के क्षेत्र में विकास हो, बस उसी तरह मेरे भी क्षेत्र में विकास होना चाहिए और मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से उन्होंने क्षेत्र में रिकार्ड 2500 करोड़ के विकास कार्य करवाए, जो आज तक किसी ने नहीं करवाए। दुधौला में स्किल डेवपलमेंट यूनिवर्सिटी बनवाई, कालेज बनवाए, स्कूलों का अपग्रेड किया और रेनीवेल योजना लाए सहित अनेकों ऐसे कार्य है, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिली। उन्होंने कहा कि आपका फर्ज है विधायक बनाना और विधायक का फर्ज होता है, इलाके के विकास की लड़ाई लड़ना, जब वह विधायक थे तो विधानसभा में क्षेत्र के विकास की लड़ाई डटकर लड़ो थे, उस दौरान के विधायक केहर सिंह, पूर्व मंत्री विपुल गोयल व करण दलाल गवाह रहे कि उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि आज राजनीति का स्तर गिर चुका है, युवाओं को सिगरेट व शराब पिलाकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में छतीस बिरादरी के लोगों के समक्ष तीन वायदे करते हुए कहा कि ग्रीन एक्सप्रेसवे पर मोहना कट दिलाने, मुंबई-वडोदरा एक्सप्रेस मोहला से लेकर कैली तक बाईपास बनवाने तथा अलावलपुर से लेकर आगे के एरिया को डी कंट्रोल घोषित करवाना उनकी प्राथमिकता में शुमार रहेगा, उन्होंने जोर देते हुए कहा कि विधायक बनने के बाद अगर वह मोहना पर कट नहीं दिलवा पाए तो वह आत्मदाह करने से भी गुरेज नहीं करेंगे। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि 2019 में वह फिर चंडीगढ़ पहुंचकर पृथला क्षेत्र के लिए कुछ और बड़ा करेंगे, लेकिन किसी कारणवश उन्हें चुनाव से पीछे हटना पड़ा, लेकिन अब वह चाहते हैं कि क्षेत्र के लिए कुछ ऐसा करे, जिससे यहां रहने वाले लोगों का भविष्य बेहतर हो सके इसलिए आज वह जनता के समक्ष आए है। उन्होंने कहा कि उनके मन में बड़ी पीड़ा है, जब वह विधायक थे तब पृथला क्षेत्र औद्योगिक हब के रूप में विकास की राह पर अग्रसर हुआ था, लेकिन पिछले पांच सालों में यह क्षेत्र विकास के मामले में कोसों पीछे छूट गया। इस क्षेत्र को विकास की दौड़ में अव्वल बनाना उनका लक्ष्य है और इसी लक्ष्य को लेकर वह चुनावी रण में उतरेंगे। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वह खुद को टेकचंद शर्मा मानकर चुनावी समर में उतर जाए और पृथला क्षेत्र के सुरक्षित भविष्य को लेकर मतदान करे। इस अवसर पर पूर्व विधायक केहर सिंह रावत, वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी शर्मा, जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष कप्तान भाटी, जिला पार्षद मोहन डागर एडवोकेट विक्रम सिंह, सतीश वाल्मीकि, राजकिशोर, निशांत हुड्डा, देवा तंवर सरपंच, योगेंद्र शर्मा सरपंच, फरीदाबाद ब्राह्मण सभा के प्रधान बृजमोहन वत्स, डा. तेजपाल शर्मा, दिनेश शर्मा, पलवल ब्राह्मण सभा के प्रधान अमन भारद्वाज, जगदीश तेवतिया, पं. श्याम लाल थानेदार, जगन सरपंच असावटी, निसार खान सरपंच, अख्तर खान सरपंच, आजाद खान, रोहताश सरपंच, आमीन खान सरपंच, रशीद खान सहित क्षेत्र के कोने-कोने से हजारों की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सौराज अधाना के दूसरी बार बल्लभगढ़ हल्काध्यक्ष बनने पर दी बधाई



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जेजेपी के जनाधार को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सौराज अधाना के दूसरी बार बल्लभगढ़ हल्काध्यक्ष बनने पर जेजेपी कार्यकताओं में खुशी की लहर है। आज सौराज अधाना के ऊंचा गांव स्थित कार्यालय पर जेजेपी कार्यकर्ता जिसमें भीम शर्मा, कुलदीप, लक्की, विक्रांत, पवन, अमन, अमरीत, साहिल, तरूण, टिन्कू और दीपक सहित दर्जनों कार्यकर्ता पहुंचे और सौराज को फूलों की माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। सौराज अधाना ने अपनी इस नियुक्ति पर जेजेपी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, जेजेपी के राष्ट्रीय महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला और जिलाध्यक्ष प्रदीप चौधरी का आभार जताया सौराज अधाना ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उनपर जो आस्था और विश्वास जताया है वे उसे ताउम्र टूटने नहीं देगें और पार्टी में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोडकर उसे मजबूती प्रदान करेगें। सौराज अधाना ने कहा कि आगामी विधानसभा में जेजेपी की सरकार बनेगी क्योंकि पूरे हरियाणा के लोग जेजेपी की नीतियों से प्रभावित है।

## गुरूद्वारे में में रक्तदान शिविर, पौधा रोपण और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन




**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन, गुरुद्वारा सिंह सभा सैनिक कॉलोनी और वृक्षा रोपण एक पहल संस्था के संयुक्त तत्वावधान में सैनिक कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा में रक्त दान शिविर लगाया गया, जिसमें 88 इकाई रक्त एकत्रित हुआ, इस शिविर में महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, इसके साथ वहीं पर पौधा रोपण किया गया और इस काम के लिए लोगों को जागरूक किया गया। गुरुद्वारा प्रांगण में ही चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें 110 बच्चो ने भाग लिया, जिसमें महावीर इंटरनेशनल द्वारा संचालित बालवीर दिव्यांग पाठशाला के 6 मूक-बधिर बच्चो ने भी भाग लिया, चित्रकला में तीन विषय थे, स्वतंत्रता दिवस, रक्त दान और वृक्षारोपण। इस प्रतियोगिता में बच्चो ने बहुत मेहनत से चित्र बनाए और तीन दिव्यांग बच्चे और हर विषय पर तीन तीन परिणाम घोषित कर उन्हें प्रमाण पत्र के साथ पारितोषिक भी दिया गया। महावीर इंटरनेशनल ने दात्री के साथ स्टेम सेल्स दान दाता पंजीकरण भी किया गया जिसमें 46 लोगों ने जीवन रक्षण का संकल्प लिया। महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन के संरक्षक वरिष्ठ समाज सेवी अजीत पटवा ने रक्तदाताओं का धन्यवाद किया और रोटरी क्लब की भूरि भूरी प्रंशसा की। उन्होंने बताया कि इस शिविर की विशेषता यह रही कि महावीर इंटरनेशनल के चेयरमैन सुनील मस्ता ने 105वीं बार रक्त दान किया।

## स्वास्थ्य जाँच शिविर व रक्तदान शिविर का आयोजन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** अशोक मेमोरियल पब्लिक स्कूल के परिसर में फोर्टिस हॉस्पिटल के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नेत्र रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग तथा हृदय रोग विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएँ प्रदान की। इसके अलावा नि:शुल्क रक्त जाँच, ईसीजी, फिजियोथेरेपी की भी व्यवस्था थी। रक्तदान शिविर में कुल 80 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस शिविर में राजीव गांधी कैंसर संस्थान ने भी अपना योगदान दिया। जिन्होंने 40वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए नि:शुल्क मेमोग्राफी की भी व्यवस्था की थी जिसमें 50 से अधिक महिलाओं ने इसका लाभ उठाया। इस शिविर का शुभारंभ चेयरमैन विनोद सचदेवा एवं मैनेजर गीता सचदेवा ने रिबन काटकर किया।

## दीक्षांत समारोह में 1536 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को दी जायेगी डिग्री

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 5वें दीक्षांत समारोह में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू में मुख्य अतिथि होंगी। यह समारोह 21 अगस्त, 2024 को विश्वविद्यालय के शकुंतलम सभागार में आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने दीक्षांत समारोह के आयोजन पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप सम्मिलित होने के लिए अपनी सहमति प्रदान की है। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, जो विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं, समारोह की अध्यक्षता करेंगे। राष्ट्रपति का आगमन विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, क्योंकि यह दूसरी बार है जब भारत का कोई राष्ट्रपति इस संस्थान का दौरा करेगा। इससे पहले, भारत के तीसरे राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ जाकिर हुसैन ने 20 नवंबर, 1968 को तत्कालीन वाईएमसीए इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग, फरीदाबाद की नींव रखी थी। दीक्षांत समारोह के दौरान, वर्ष 2023 में अपनी डिग्री पूरी करने वाले 1536 विद्यार्थियों और शोधार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी, जिसमें 998 स्नातक, 525 स्नातकोत्तर और 13 पीएचडी शामिल हैं। डिग्री प्राप्त करने वालों में 874 छात्र और 662 छात्राएं हैं। इसके अलावा, समारोह में दो मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे, जिनमें से 75,000 रुपये राशि का एक राज्यपाल-कुलाधिपति स्वर्ण पदक है जो ओवरऑल बीटेक टॉपर को दिया जाता है तथा 65,000 रुपये राशि का एक मुख्यमंत्री स्वर्ण पदक शामिल है जो ओवरऑल बीटेक टॉपर छात्रा को दिया जाता है। इस बार भी पारंपरिक भारतीय वेशभूषा दीक्षांत समारोह के ड्रेस कोड का हिस्सा रहेंगे। सभी पंजीकृत विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेने के लिए 20 अगस्त, 2024 को शाकुंतलम सभागार में दोपहर 2 बजे पूर्वाभ्यास में हिस्सा लेना अनिवार्य है।

# कांग्रेस नेता जसवंत सिंह बावल ने की कार्यकताओं व समर्थकों की बैठक

**बावल।** पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता जसवंत सिंह बावल ने रविवार को अपने सेक्टर तीन स्थित आवास पर कार्यकताओं व समर्थकों की बैठक लेकर विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। सुमेर जेलदार बावल की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में एकतरफा लहर चल रही है तथा अब बावल विधानसभा से पार्टी के 30 साल का सूखा समाप्त करने का समय आ गया है। यह सीट भारी बहुमत के साथ कांग्रेस की झोली में डालने का कार्य किया जाएगा। बैठक में पूर्व मंत्री ने कार्यकताओं की विभिन्न ड्यूटियां भी लगाई। बावल विधानसभा क्षेत्र के समर्थकों, कार्यकताओं व गणमान्य लोगों की बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री जसवंत सिंह बावल ने कहा कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में चल रही आंधी को देखकर भाजपा सरकार पूरी तरह घबराई हुई है। भाजपा सरकार के मंत्री एवं संतरी आमजन को अपने झूठे वायदों में एक बार फिर से बरगलाने में लग गए हैं, लेकिन हरियाणा की जनता भाजपा के असली चेहरे को पूरी तरह पहचान चुकी है। प्रदेश के हर वर्ग को छलने के बाद भाजपा अब फिर से जुमलों की झड़ी लगाने लगी है, लेकिन आज जिस प्रकार सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की जबरदस्त हवा चल रही है, वह चुनाव में आंधी का रूप धारण करेगी तथा भाजपा सरकार उसमे उड़ जाएगी।पूर्व मंत्री ने अलग-अगल ब्लॉक व क्षेत्र के कार्यकताओं को विभिन्न चुनावी ड्यूटियां सौंपते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ तैयारियों में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि बावल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के 30 साल से सूखे को हम सभी को मिलकर समाप्त करना है। उन्होंने कहा कि बावल विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न



बिरादरियों, सरदारी व संगठनों के पदाधिकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह से मुलाकात कर एक ऐसे कार्यकर्ता को टिकट देने का अनुरोध किया, जो बावल के पिछड़ेपन को दूर कर सके। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्य के लिए पूर्व मंत्री जसवंत सिंह बावल ही सबसे उपयुक्त उम्मीदवार भी हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि हमे हाईकमान तथा बावल क्षेत्र की जनता को उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरना है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कार्यकाल में हरियाणा का चौतरफा विकास किया गया। विशेषकर दक्षिण हरियाणा के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए क्षेत्र में अनेकों शिक्षण संस्थाएं खोलने के साथ-साथ भारी विकास कराया, लेकिन भाजपा सरकार कांग्रेस के कराए गए कार्यों की मरम्मत भी नहीं करा पाई। इसलिए इस बार भाजपा का सत्ता से बाहर होना तथा कांग्रेस का सत्ता में आना पूरी तरह तय हो चुका है। इस अवसर पर सतीश प्रधान, हंसराज कोच बावल, कैप्टन रामपत सिंह, चरण सिंह पूर्व प्रदान जाट समाज, डा. रामनरेश सुठानी, संदीप सरपंच जाटूवास, प्रताप पूर्व सरपंच नांगल ऊगरा, महेंद्र सिंह प्रधान राजपूत समाज, मान सिंह एडवोकेट चिराहड़ा, अशोक चौहान धरचाना, नरेश जेलदार बावल, चरण सिंह शाहपुर, हुकम सिंह चौकन बावल, डा. केशव मुदगिल, पुरुषोतम शर्मा पावटी, होशियार सिंह प्राणपुरा, मास्टर कंवर सिंह पाली, धर्मबीर यादव पीथड़ावास, पूरण गुर्जर खोल, अजीत सुलखा, योगेश भारद्वाज बासदूदा, बबलू यादव रामपुरा, बिरेंद्र यादव मनेठी समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता, समर्थक एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एसडी ककराला में खंड स्तरीय चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 20 से

कनीना सुनील दीक्षित

कनीना में 4 दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगता एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में होगी` विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि यह प्रतियोगिता 20 अगस्त से शुरू होगी जो 23 अगस्त तक चलेगी। प्राचार्य औमप्रकाश ने बताया कि सभी खेलों के लिए खेल मैदान तैयार कर लिए हैं` खण्ड शिक्षा अधिकारी कनीना द्वारा निर्धारित किए गए 11,14,17 व 19 आयु वर्ग के लड़के व लड़कियों की प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। 20 और 21 अगस्त को लड़को की प्रतियोगिता होगी` 22 व 23 अगस्त को लड़कियों की प्रतियोगिता होगी। उन्होंने बताया कि योग्यता फार्म, समरी सीट खिलाडियों की फोटो के साथ , जन्मप्रमाणपत्र , आधार कार्ड , सत्र 2023-24 का रिपोर्ट कार्ड, दाखिला खारिज रजिस्ट्र इन सभी दस्तावेजों की सत्यापित प्रति साथ लेकर आऐ। दस्तावेज पूरे नही होने पर खिलाड़ियों को खेलों से वंचित रहना पड़ सकता है।

## 887 करोड़ की लागत से बनेगा बोन्दकलां-दादरी चिड़िया-बाघोत कनीना-अटेली स्टेट हाईवे

कनीना सुनील दीक्षित



प्रदेश सरकार ने बोन्दकलां-दादरी-चिड़िया,बाघोत कनीना-अटेली, कांटी खेड़ी तक मेजर डिस्टिक रोड को स्टेट हाईवे 34 घोषित किया है` जो अटेली हलके के लिए बड़ी सौगात हैं` जो प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दी हैं` जिसमें केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह का विशेष योगदान रहा हैं` अटेली हल्का विधायक सीताराम यादव ने मिठाई बांटकर उनका आभार जताते हुए कहा कि यह राज्य मार्ग अटेली हलके के बीचों बीच गुजरता है जो हलके के विकास के लिए मिल का पत्थर साबित होगा` इस राज्य मार्ग की लंबाई 90.31 किलोमीटर होगी` यह राष्ट्रीय राजमार्ग 709, राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी,राष्ट्रीय राजमार्ग 148 बी, नेशनल हाईवे 11 व स्टेट हाईवे नंबर 24 और 20 को जोड़ेगा जिसका बड़ा हिस्सा अटेली हल्के में होगा उन्होंने बताया कि तीन दिन पूर्व आचार संहिता लगने से पहले प्रदेश सरकार ने इस राज्य मार्ग निर्माण के लिए टेंडर लगा दिया है ` मार्ग 887 करोड रुपए की लागत से तैयार होगा उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी,केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह के मार्गदर्शन में अटेली हल्के में करोड़ों रुपए की लागत से विकास कार्य चल रहे हैं जिसमें कनीना में रेलवे लाइन पर फ्लाईओवर जो इस राज्य मार्ग से लगता है इसके अलावा लघु सचिवालय भवन कनीना का निर्माण कार्य भी अंतिम चरण में है जिसका लाभ उपमंडल की जनता को शीघ्र मिलेगा

## चुनाव की घोषणा होते ही, कैप्टन अजय सिंह ने कार्यकताओं में भरा जोष कार्यकर्ता मीटिंग में उमडा जनसैलाब

**रेवाडी।** हरियाणा प्रदेश के चुनाव की घोषणा होते ही रेवाडी से कांग्रेस विधायक ने कमर कस ली है इसी कडी में उन्होंने अपने मॉडल टाउन निवास स्थान पर अपने पिता कैप्टन अजय सिंह यादव की उपस्थित में कार्यकर्ता बैठक बुलाई। जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकताओं ने पंहूचकर विधायक चिरंजीव राव को जीताने का दम भरा। उपस्थित कार्यकताओं ने चिरंजीव राव को हरियाणा में सबसे ज्यादा मतों से जीताने के लिए भी कहा। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि कांग्रेस सरकार के साशनकाल में रेवाडी का कांयाकल्प करने का कार्य किया था। इंदिरा गांधी विश्व विद्यालय, खरकडा में आईटीआई, लिसाना में पॉलीटेक्नीक कॉलेज, ट्रामा सेंटर, सैनिक स्कूल न जाने कितने ही कार्य कर रेवाडी में कार्य हुए थे लेकिन पिछले 10 साल में भाजपा सरकार ने सिर्फ अपना कार्यालय खोला है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार से मेरे किए हुए कार्यों की मरम्मत नही हो पा रही है। आप लोगों ने सोच समझकर



वोट डालनी है और विकास को चुनना है। इसलिए आने वाली 1 अक्टूबर को ज्यादा से ज्यादा मतों से चिरंजीव राव को जीताना है।वहीं विधायक चिरंजीव राव ने कहा कि एक छोटे से बुलावे पर भारी तादाद में पंहूचने पर आप सभी का धन्यवाद करता हूं। विपरित परिस्थिती में आपने 2019 में जीताया था। विपक्ष का विधायक होते हुए संघर्ष करने के बाद जो भी ग्रांट मिली उसको आपके सूझाव से ही पूरी विधानसभा में लगवाया है। पांच साल से तो मैंने स्वयं विधानसभा में एम्स, रेवाडी धारूहेडा बस स्टैंड, लडकों के कॉलेज की बिल्डिंग, धारूहेडा के दूषित पानी का मामला, मसानी बराज के दूषित पानी का मामला, रेवाडी शहर के पीने के पानी के लिए, मेडिकल कॉलेज, आवारा पशु, बरसाती पानी के लिए इत्यादि न जाने कितनी बार कहा है। लेकिन भाजपा सरकार ने एक कार्य भी पूरा किया हो तो बताएं। चिरंजीव राव ने कहा मौजूदा मंहगाई, बेराजगारी, भष्ट्राचार से लोग परेशान हो गए हैं। अगनीवर योजना से अहीरवाल के युवाओं को गहरा झटका लगा है। हमारे यहां के युवा दिन रात मेहनत करके फौज में भर्ती होकर देश की सेवा करते थे लेकिन भाजपा सरकार ने युवाओं से यह हक भी उनसे छीन लिया है। मौजूदा भाजपा सरकार से हर वर्ग तंग आ चुका है। इसलिए प्रदेश की जनता ने भाजपा सरकार को बदलने का मन बना लिया है। हरियाणा में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर 300 युनिट बिजली फ्री दी जाएगी, रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपए में दिया जाएगा, पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाएगी, 2 लाख सरकारी पदों पर हरियाणा के युवाओं को रोजगार दिया जाएगा, जन विरोधी पोर्टलों को बंद किया जाएगा, बीसी क्रीमी लेयर की आय सीमा बढाकर 10 लाख रुपए की जाएगी।

## सौराज अधाना के दूसरी बार बल्लभगढ़ हल्काध्यक्ष बनने पर दी बधाई



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में जेजेपी के जनाधार को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सौराज अधाना के दूसरी बार बल्लभगढ़ हल्काध्यक्ष बनने पर जेजेपी कार्यकताओं में खुशी की लहर है। आज सौराज अधाना के ऊचां गांव स्थित कार्यालय पर जेजेपी कार्यकर्ता जिसमें भीम शर्मा,कुलदीप,लक्की,विक्रांत,पवन,अमन,अमरीत,साहिल,तरूण,टिन्कू और दीपक सहित दर्जनों कार्यकर्ता पहुंचे और सौराज को फूलों की माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। सौराज अधाना ने अपनी इस नियुक्ति पर जेजेपी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला,पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला,जेजेपी के राष्ट्रीय महासचिव दिगविजय सिंह चौटाला और जिलाध्यक्ष प्रदीप चौधरी का आभार जताया सौराज अधाना ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उनपर जो आस्था और विश्वास जताया है वे उसे ताउम्र टूटने नहीं देगें और पार्टी में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोडकर उसे मजबूती प्रदान करेगें। सौराज अधाना ने कहा कि आगामी विधानसभा में जेजेपी की सरकार बनेगी क्योंकि पूरे हरियाणा के लोग जेजेपी की नीतियों से प्रभावित है।

## बावल के झाबुआ में मिले टाइगर के पगमार्ग



समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** बावल के झाबुआ जंगल में एक बार फिर से टाइगर आने की सूचना मिली है। जिसको लेकर जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड़ पर है। वाइल्ड लाइफ अधिकारी से पता चला कि यह वही टाइगर है जो गत वर्ष राजस्थान के सरिस्का अभ्यारण से हरियाणा के रेवाड़ी जिले में आया था। राजस्थान व हरियाणा की वाइल्ड लाइफ टीम ने साहबी क्षेत्र की खूब नाका बंदी की मगर उसके पैरों के निशान के अलावा कुछ नहीं मिला। इस टाइगर का नंम्बर एसटी 2303 है जो अब लगभग साढ़े तीन साल का हो गया है। रेवाड़ी जिले से सटे राजस्थान के दरबारी पुर गांव में 2 लोगों के घायल करने का भी वीडियो वायरल हो रहा है। राजस्थान से इस रेस्क्यू टीम में शामिल अलवर रेंज अधिकारी शंकर ने बताया कि यह सत्य यह वही टाइगर है जो पहले भी हरियाणा में आया था। टाइगर बावल के झाबुआ के जंगल मे छिपा हुआ है। उसको वहां खाना व पानी की कोई कमी नहीं है। अधिकारी के अनुसार राजस्थान के सरिस्का की वाइल्डलाइफ टीम ने झाबुआ में डेरा डाल दिया है। इस टीम में जयपुर रेंज से डॉक्टर अरविंद माथुर, सरिस्का अलवर से डॉक्टर दीन दयाल, प्रेम कुमार वन मंडल अधिकारी बावल, वाइल्डलाइफ ऑफिसर बावल चरण सिंह, गार्ड दीपक, फारेस्ट विभाग राजस्थान से लगभग 15 लोगों की टीम के साथ साथ रेवाड़ी वन मंडल की टीम भी मौके पर मौजूद है। उन्होंने बताया कि टाइगर की दिन में कोई मूवमेंट नहीं है, वह रात में ही निकलता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अकेले जंगल मे न जाएं। टाइगर की मूवमेंट दिखने पर वन विभाग को सूचित करें।

## अदलखा परिवार द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

राधा कृष्ण मंदिर सेक्टर-3 में स्वर्गीय रमेश चंद अदलखा की स्मृति में अदलखा परिवार द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. वी.पी. यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में तथा आरडब्लूए सेक्टर-3 के अध्यक्ष यशपाल यादव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस शिविर में 41 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रमेश चंद अदलखा के पुत्र डॉ. नवीन अदलखा ने 38वीं बार रक्तदान किया, जबकि पुत्र राजेश अदलखा, महेश यादव, प्रवीण अदलखा, डॉ. करण कालरा, अन्नू कालरा, विकास गुप्ता, गगन चांदना व 5 महिलाओं ने भी रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व रमेश चंद अदलखा की पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि देकर किया गया। डॉ. वी.पी. यादव ने इस नेक कार्य के लिए सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया तथा शिविर के सुचारू आयोजन के लिए किए गए प्रयास की सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि एक यूनिट रक्त से तीन व्यक्तियों की जान बच सकती है। सभी अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया तथा सभी



अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। स्वर्गीय रमेश चंद अदलखा की स्मृति में यह दूसरा रक्तदान शिविर था। शिविर में शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया जिनमें पूर्व अध्यक्ष सर्व सुख यादव, प्रताप सिंह, बलजीत यादव, पूर्व चेयरमैन हरीश अरोड़ा, म्यूनिसिपल कमेटी के वाइस चेयरमैन शाम सुंदर चुग, पार्षद राजेंद्र सिंघल, एडवोकेट सचिन मलिक, बोधराज चुग, जवाहर गांधी, पीयूष अरोड़ा, प्रोफेसर सतीश खुराना, जितेंद्र सैनी, ज्वेलर एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन बत्रा, देवेंदर सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता नवीन अरोड़ा, पार्षद भूपेन्द्र गुप्ता, मीनाक्षी अरोड़ा, महेश वैद, रवि ठकराल, अनुकूल शर्मा, नेहा शर्मा, डॉ. नवीन पिपलानी, ज्योति अदलखा, हितेश गाबा और काठ मंडी एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश शर्मा, सचिव विकास गुप्ता, उपाध्यक्ष अश्वनी यादव, कोषाध्यक्ष राज कुमार सैनी, अजय सिक्का, अनिल मखीजा, ओम प्रकाश गांधी, भीम मखीजा,

ओम प्रकाश खुराना, भीम गुलाटी, सुनील गुलाटी, केंद्र सरकार में अवर सचिव महेश यादव ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अंत में डॉ. नवीन अदलखा ने जोगिंदर ब्लड बैंक की टीम और सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद किया।

## सतीश यादव की चाय पर चर्चा में उमड़ा जनसैलाब, भावुक होकर कहा- 'अपने इलाके के लोगों के साथ हमेशा खड़ा हूं

**रेवाड़ी:** सतीश यादव की चाय पर चर्चा में उमड़ा जनसैलाब, भावुक होकर कहा- 'अपने इलाके के लोगों के साथ हमेशा खड़ा हूं' रविवार को भाजपा नेता एवं पूर्व जिला प्रमुख एडवोकेट सतीश यादव ने अपने कार्यकताओं को 'चाय पर चर्चा' के लिए आमंत्रित किया। इस आयोजन में शहर और गांवों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे और सतीश यादव को अपना आशीर्वाद दिया। चर्चा के दौरान सतीश यादव ने चुनाव से संबंधित मुद्दों पर कार्यकताओं से विचार-विमर्श किया, जिसमें वे काफी भावुक हो गए। सतीश यादव ने बताया कि रविवार को माननीय मुख्यमंत्री नायब सैनी की रैली होनी थी, जिसके लिए उन्होंने गांव-गांव जाकर कार्यकताओं को आमंत्रित किया था। हालांकि, कुछ कारणों से रैली स्थगित हो गई, जिसके बाद सभी कार्यकताओं को चाय पर चर्चा के लिए बुलाया गया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सतीश यादव ने अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि मात्र 26 साल की उम्र में उन्होंने रेवाड़ी बार एसोसिएशन का



चुनाव लड़ा था और वहीं से उनके राजनीतिक जीवन की नींव पड़ी। बार एसोसिएशन के प्रधान पद पर रहते हुए उन्होंने बार को अपना परिवार मानकर काम किया और इसी कार्यशैली ने उन्हें निपुणता प्रदान की। चर्चा के दौरान, सतीश यादव ने कहा कि उन्हें अपने इलाके के लिए अफसोस होता है और वे हमेशा अपने इलाके के लोगों के साथ खड़े रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस के कप्तान परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस परिवार ने 8 बार विधायक रहते हुए भी रेवाड़ी विधानसभा में कोई विकास नहीं करवाया। उन्होंने साहबी नदी के दूषित होने के लिए भी कप्तान अजय सिंह यादव को जिम्मेदार ठहराया, जिससे वहां के लोगों में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का प्रसार हुआ है।

अंत में, सतीश यादव ने कहा कि उन्हें रेवाड़ी की जनता का हमेशा भरपूर सहयोग मिला है और उन्हें विश्वास है कि भविष्य में भी जनता का इसी तरह का सहयोग मिलता रहेगा।

## स्वतंत्रता संग्राम के महानायक सुभाष चंद्र बोस की स्मृति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

### शिविर में 115 से अधिक युवाओं ने कराया पंजीकरण और 93 ने किया रक्तदान

**कुरुक्षेत्र।** शिव शक्ति मंदिर सेक्टर 7 कुरुक्षेत्र के प्रांगण में स्वतंत्रता संग्राम के महानायक सुभाष चंद्र बोस की स्मृति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर शिव शक्ति मंदिर सभा के महासचिव रमेश कुमार गोयल की अध्यक्षता में हुआ जबकि मंच का संचालन प्रमोद शास्त्री ने किया। राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता शतकवीर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ.अशोक कुमार वर्मा शिविर के संयोजक रहे। रोटी बैंक के कोषाध्यक्ष एवं समाजसेवी नरेश सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे हुए थे। जय माँ सेवा समिति, मानस जिज्ञासु मंडल और कमल सैनी रतगल के सहयोग से शिविर पूर्ण हुआ। शिव शक्ति मंदिर सभा के महासचिव रमेश कुमार गोयल, उप प्रधान माया देवी, कोषाध्यक्ष श्याम प्रकाश शर्मा, प्रवीण गर्ग, प्रमोद शास्त्री, रामकुमार शर्मा, बलबीर गौड़, कमलेश देवी, हरीश सिंगला, संजय मित्तल, सुभाष गुप्ता, कमल सैनी, रजनी बत्रा, राकेश मेहता, लाजपत गोयल, रामसरुप सिंगला के संयुक्त प्रयासों से शिविर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदीप गर्ग सिरसमा विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए कहा कि सुभाष चंद्र बोस ने कहा था तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा। आज देश स्वतंत्र है और आज रक्त उन लोगों के लिए दान करना चाहिए जो रुग्ण है, अस्वस्थ हैं। दूसरे युवा नशे से दूर रहे और युवा नशे की सुई न लगाकर रक्तदान के लिए सुई लगवाएं ताकि इसका लाभ देश को प्राप्त हो। शिविर में इन 93 रक्तदाताओं ने रक्तदान करके स्वतंत्रता संग्राम के महानायक सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की- कुलदीप, राजेंद्र, बलिंद्र, प्रवीण सिंगला, अमित कुमार, पवन कुमार, शुभम राठी, लोकेश शर्मा, संजय कुमार, प्रवीण कुमार, संजय कुमार वर्मा, गौतम गर्ग, संदीप कुमार, सतीश कुमार, एमएल गुप्ता, देवेंद्र, प्रमोद राणा, राज बलिंद्र, अमित कुमार, राजेश अग्रवाल, मंजीत कुमार, अशोक कुमार, जसमिंद्र सिंह, प्रवीण कुमार, दर्शन शर्मा, डॉ. अरुण कुमार धीमान, कपिल अग्रवाल, आशीष कोहली, हर्ष, साहिल बत्रा, नवीन वर्मा, चरण लाल, राकेश कुमार, राघव, करनैल, विशाल वर्मा, पवन कुमार, जसविंद्र सिंह, हर्ष, शुभम, राहुल, जसवंत, आशीष, अभिषेक कुमार, सचिन, रामचंद्र, हैप्पी, गीतेश, अभिषेक, साहिल, दीपक गुप्ता, सुनील सैनी, तरुण, जसमेर,

प्रकाश, अजय आदि। लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल की रक्त कोष प्रभारी डॉ. रमा की अध्यक्षता में रक्त संग्रहित हुआ। शिव शक्ति मंदिर सभा द्वारा रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया।

## प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना जरूरी: चेयरमैन नरेश जांगड़ा

### अखिल भारतीय जांगिड़ महासभा द्वारा आयोजित किया गया प्रतिभा सम्मान समारोह

सिवानी सोनिका सूरा

प्रतिभाओं को प्रोत्साहन करना जरूरी है ताकि वह अपने भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन कर सकें। उपरोक्त वक्तव्य रविवार को सिवानी के अग्रसेन भवन में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि श्रम कल्याण बोर्ड के चेयरमैन नरेश जांगड़ा ने कहे । कार्यक्रम में सिवानी खंड के समाज के 101 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया इस बारे में जानकारी देते हुए सिवानी ब्लॉक के जांगड़ा समाज के युवा ब्लॉक अध्यक्ष मनोज जागड़ा ने बताया 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि नरेश जांगड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतिभाओं को निखारना अति आवश्यक है। हमें समय-समय पर समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित अवश्य करना चाहिए



उन्होंने कहा कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा खेल एवं अन्य क्षेत्रों में अनेक प्रतिभाएं हैं। जिनको आगे लाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक समाज के व्यक्तियों को जरूरी है कि वह अपने समाज के व्यक्तियों को जागरूक करें और मुख्य धारा में लाने का प्रयास करें नरेश जांगड़ा ने कहा कि आज के समय जांगड़ा समाज के व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। और वह अपनी काबिलियत के बलबूते समाज का नाम रोशन कर रहे हैं आयोजित कार्यक्रम में विशेष तिथि के रूप में पहुंचे रिटायर्ड शिक्षा अधिकारी रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेल में भी जोड़ना अति आवश्यक है ताकि बच्चे खेल के क्षेत्र में भी नाम रोशन कर सकें आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया वही बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं योग गतिविधि भी प्रस्तुत की गई इस अवसर पर वॉइस चेयरमैन प्रतिनिधि जिला पार्षद संजय जांगड़ा, जिला पार्षद मंजू जांगड़ा, सरपंच सतबीर , सुनील जांगड़ा ब्लॉक अध्यक्ष ईश्वर जांगड़ा, रोहतास जांगड़ा, मुकेश जांगड़ा सहित अनेक गण मान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



## ऋषभ शेट्टी के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीतने पर खुश हुए यश और जूनियर एनटीआर

शुक्रवार को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा की गई। वर्ष 2022 के 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में कन्नड़ अभिनेता ऋषभ शेट्टी ने कांतारा- चैप्टर 1 में अपनी भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता। इस उपलब्धि के बाद साउथ सुपरस्टार यश और सुपरस्टार जूनियर एनटीआर ने ऋषभ को बधाई दी और उनके राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने को कन्नड़ सिनेमा का चमकता हुआ पल बताया। यश ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर बधाई देने के लिए प्यारा संदेश साझा किया। ऋषभ को विशेष धन्यवाद देते हुए यश ने लिखा, राष्ट्रीय पुरस्कार के सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा, कांतारा और केजीएफ 2 के लिए अच्छी तरह से योग्य मान्यता के लिए हमारे अपने ऋषभ शेट्टी, विजय किरगंदुर, और प्रशांत नील और पूरी होम्बले फिल्म्स टीम को विशेष धन्यवाद। यह कई और ऊंचाइयों के लिए है। यह वास्तव में राष्ट्रीय मंच पर कन्नड़ सिनेमा का चमकता क्षण है। इसके साथ जूनियर एनटीआर ने भी ऋषभ को इस शानदार जीत के लिए बधाई दी। जूनियर एनटीआर ने ऋषभ को योग्य अभिनेता कहकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया। उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए लिखा, कांतारा के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीतने पर ऋषभ शेट्टी को बधाई। आपका शानदार अभिनय आज भी मेरे रोंगटे खड़े कर देता है। साथ ही सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का पुरस्कार जीतने के लिए कांतारा की पूरी टीम को बधाई।





# मशहूर होना व ग्लैमर की दुनिया में तहलका मचाना, पहले दिन से ही मेरा गेम प्लान रहा है

उर्फी जावेद अपने फैशन सेंस को लेकर सुर्खियों में बनी रही हैं, लेकिन इस बार वह अपनी अपकमिंग शो फॉलो कर लो यार को लेकर चर्चाओं में हैं। मेकर्स ने शो का ट्रेलर जारी किया है, इसमें उनकी लाइफ से जुड़ी हर चीज.. जैसे स्ट्रगल, सक्सेस और अनसुनी बातों को दिखाया गया है। मेकर्स का दावा है कि शो में बिना किसी फिल्टर के उनकी जिंदगी को दिखाया जाएगा। 9 एपिसोड वाली इस सीरीज को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर 23 अगस्त को रिलीज किया जाएगा। यह सोल प्रोडक्शंस की फाजिला अलाना और कामना मेनेजेस द्वारा निर्मित और संदीप कुकरेजा द्वारा निर्देशित है।

फॉलो कर लो यार को लेकर उर्फी जावेद ने कहा, मैंने हमेशा बड़े सपने देखे हैं, तब भी जब लोगों ने कहा कि मैं ऐसा नहीं कर सकती। मशहूर होना? ग्लैमर की दुनिया में तहलका मचाना? यही मेरा पहले दिन से ही गेम प्लान रहा है। मेरे लिए यह आसान नहीं था। मैंने सक्सेस से ज्यादा जिंदगी में उतार देखे हैं, ऐसे पलों का, जो किसी को भी अंदर से तोड़ दे, उनका सामना किया है। लेकिन मैंने हर बार पहले से ज्यादा मजबूत होकर खुद को वापस खड़ा किया है।

लोगों ने मेरी कहानी का सिर्फ एक पहलू ही देखा है, लेकिन सोशल मीडिया से दूर मेरी जिंदगी और भी ज्यादा पागलपन भरी है। यह पूरी तरह से ड्रामा है! मैंने पहले भी रियलिटी टीवी किया है, लेकिन मेरा खुद का शो होना एक सपने के सच होने जैसा है। फॉलो कर लो यार रॉ, रियल और 100 प्रतिशत मेरा है, बिना किसी फिल्टर और बेबाक तरीके से। क्या आपको लगता है कि आप उर्फी को जानते हैं? खैर, असली चीज देखने के लिए तैयार हो जाइए। यह एक रोमांचक सफर होने वाला है, और मैं आप सभी के मेरे साथ जुड़ने का इंतजार बेसब्री से कर रही हूं। शो के निर्देशक संदीप कुकरेजा ने कहा, असली मजा उनकी लाइफ के उन पलों को कैद करने में था, जिन्हें उनके फॉलोअर्स और फैंस ने कभी नहीं देखा था। रियलिटी, हमें उन तरीकों से सरप्राइज करती है, जिसकी हम कभी उम्मीद नहीं करते। यह चुनौतीपूर्ण और रोमांचक दोनों था।



# अक्षय कुमार की खेल खेल में पर भारी पड़ी जॉन अब्राहम की वेदा

15 अगस्त को सिनेमाघरों में 6 बड़ी फिल्मों स्त्री 2, खेल खेल में, वेदा, थंगलान, डबल स्मार्ट और मिस्टर बच्चन का महाक्लेश हुआ है। इसमें तीन बॉलीवुड फिल्में हैं और तीन साउथ की फिल्में हैं। बॉलीवुड फिल्मों की कमाई पर नजर डालें तो स्त्री 2 ने सबकी हवा निकाल दी है। ये फिल्म तगड़ी कमाई कर रही है। खेल खेल में और वेदा इससे काफी पीछे हैं। अब देखने वाली बात ये है कि अक्षय कुमार की सेनसिबल कॉमेडी खेल खेल में और एक्शन-थ्रिलर वेदा के बीच कौन आगे है।

### वेदा की कमाई

जॉन अब्राहम की वेदा ने पहले ही दिन 6.3 करोड़ की कमाई कर ली है। इस फिल्म को क्रिटिक्स का भले ही अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिला, लेकिन दर्शकों से प्यार मिला है। दुनियाभर में फिल्म ने 9.47 करोड़ की कमाई की है। 15 अगस्त को फिल्म रिलीज हुई है, ऐसे में इसे 5 दिन का लॉन्ग वीकेंड रक्षाबंधन के चलते मिल गया है। गुरुवार को छुट्टी के चलते कमाई का ये आंकड़ा रहा है। शुक्रवार को छुट्टी नहीं है, ऐसे में हो सकता है इस आंकड़े में दूसरे दिन गिरावट दर्ज की जाए, लेकिन शनिवार, रविवार और सोमवार की छुट्टी का फायदा जरूर फिल्म को मिलेगा।

### खेल खेल में की कमाई

अक्षय कुमार की टोली वाली खेल खेल में को क्रिटिक्स का तो अच्छा रिस्पॉन्स मिला, लेकिन दर्शकों का प्यार नहीं मिल रहा। बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन फिल्म ने देशभर में 5.05 करोड़ रुपये की कमाई की है। दुनियाभर में खेल खेल में ने 7.55 करोड़ रुपये की कमाई की है। लंबी चौड़ी वाली इस फिल्म की स्टारकास्ट होने का भी इसे खासा फायदा नहीं मिल सका है। पहले दिन के मुकाबले हो सकता है कि आने वाले दिनों में फिल्म अच्छी कमाई करे, क्योंकि मेकर्स अभी भी जोर-शोर से फिल्म के प्रमोशन में लगे हुए हैं। रक्षाबंधन की छुट्टी का भी फिल्म को फायदा मिल सकता है। वैसे पहले दिन की कमाई के हिसाब से खेल खेल में, वेदा से पीछे रह गई है। बता दें, 15 अगस्त को रिलीज हुई वेदा में जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ लीड रोल में हैं। फिल्म में तमन्ना भाटिया और अभिषेक बनर्जी भी अहम किरदार निभा रहे हैं। इसके अलावा खेल खेल में की बात करें तो इस फिल्म अक्षय कुमार, फरदीन खान, वाणी कपूर, अमी विर्क, तापसी पन्नू, अदित्य सील जैसे कई कलाकार हैं।



## तीस साल बाद वापसी करना चाहती हैं सोनम

बीते जमाने की एक्ट्रेस सोनम खान ने 30 साल के अंतराल के बाद फिर से अभिनय में करियर बनाने की इच्छा जताई है। उन्होंने इसके साथ ही 1992 की थ्रिलर फिल्म विश्वात्मा के गाने दिल ले गई तेरी बिंदिया की शूटिंग के दौरान की अपनी एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर शेयर की। फिल्म विश्वात्मा के समय मेरी शादी हो चुकी थी। उस समय मैं महज 18 साल की थी। एक सफर खत्म हुआ, जिसे अब मैं पूरी गंभीरता के साथ और आगे बढ़ाना चाहती हूं। मैं फिर से काम करना चाहती हूं। विश्वात्मा का निर्देशन राजीव राय ने किया था। वहीं गुलशन राय ने इसे प्रोड्यूस किया था। इसमें सनी देओल, नसीरुद्दीन शाह, चंकी पांडे, दिव्या भारती और ज्योत्सना सिंह ने अभिनय किया था। बॉलीवुड और तेलुगु इंडस्ट्री में अपने काम के लिए मशहूर सोनम दिग्गज अभिनेता मुराद की पोती हैं। उन्होंने 1987 में तेलुगु फिल्म सम्राट से डेब्यू किया था। अभिनेत्री ने एक्शन थ्रिलर फिल्म त्रिदेव से प्रसिद्धि पाई। त्रिदेव का निर्देशन और सह-लेखन राजीव राय ने किया था और इसमें नसीरुद्दीन शाह, सनी देओल, जैकी श्रॉफ, माधुरी दीक्षित, संगीता बिजलानी, अनुपम खेर और अमरीश पुरी थे।



## कलाकारों को लाइव देखना एक अलग अनुभव

टेलीप्ले जनपथ किस में अभिनय करने वाली अभिनेत्री अदिति शर्मा ने कहा कि वह फिलहाल टेलीविजन में काम नही कर रही हैं, लेकिन हो सकता है कि अगले साल वह कोई टीवी शो करें। पिछली बार 2022 के टीवी शो कथा अनकही में नजर आई अदिति ने मुख्य भूमिका के साथ टीवी पर वापसी करने के बारे में खुलकर बात की है।

उन्होंने आईएएनएस को बताया, मैं अभी कुछ पंजाबी फिल्मों पर काम कर रही हूं। अभी मैं टेलीविजन नहीं कर रही हूं, शायद अगले साल मैं कोई टीवी शो करूंगी।

नाटक जनपथ किस की शूटिंग के बारे में अदिति ने आईएएनएस को बताया, यह पहली बार था जब हम कोई नाटक रिकॉर्ड कर रहे थे, और इसे मंच पर प्रस्तुत करना बहुत अलग है। हमें नहीं पता था कि हम इसे कैसे रिकॉर्ड करेंगे। रिहर्सल करना बहुत मजेदार था। दिल्ली के थिएटर समूहों के बहुत सारे कलाकार थे। उनके साथ काम करना और उनसे सीखना बहुत बढ़िया था।

इंडियाज बेस्ट सिनेस्टार्स की खोज से प्रसिद्धि पाने वाली अदिति ने पारंपरिक थिएटर से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नाटकों के बारे में क्या महसूस किया, इस पर उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मंच पर अभिनय करना या अभिनेताओं को लाइव देखना एक अलग अनुभव है। मैंने टीवी, फिल्म, थिएटर जैसे कई माध्यमों में काम किया है। लेकिन मुझे लगता है कि एक कलाकार के तौर पर आपको मंच पर जो आनंद मिलता है, वह बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा कि इसलिए इसे रिकॉर्ड करके डिजिटल किया जा रहा है। जैसा कि आजकल बहुत सारे नाटकों के साथ हो रहा है। इसलिए मुझे लगता है कि यह भविष्य के लिए बहुत अच्छी बात है, लेकिन इसे लाइव देखना कुछ अलग है। मुझे लगता है कि इसे बड़े दर्शकों तक पहुंचाना एक शानदार बात है, क्योंकि इसे विभिन्न भाषाओं में डब किया जा रहा है। अलग-अलग शहरों के लोग भी इसे देख सकते हैं। यह भविष्य के लिए एक शानदार बात है। जनपथ किस में वह एक एयर होस्टेस की भूमिका निभा रही हैं, जो सार्वजनिक स्थान पर एक आकस्मिक घटना के कारण मीडिया के ध्यान में आ जाती है। डिजिटाइज्ड नाटक में दर्शकों के जुड़ाव पर अदिति कहती हैं, मुझे नहीं लगता कि जुड़ाव इतना अलग है। लेकिन निश्चित रूप से अनुभव अलग है। मुझे लगता है कि यह शानदार था।



# कलाकारों के सामने आने वाली चुनौतियों पर के के मेनन ने तोड़ी चुप्पी

अभिनेता के के मेनन सीरीज शेखर होम को लेकर सुर्खियों में हैं। अभिनेता के साथ इसमें रणवीर शौरी भी नजर आए हैं। के के मेनन ने हाल ही में ओटीटी की बूम से पहले कलाकारों के सामने आई चुनौतियों पर बात की। अभिनेता रणवीर शौरी बिग बॉस ओटीटी के तीसरे सीजन में नजर आए। इस दौरान उन्होंने अपनी निजी जिंदगी और करियर को लेकर भी काफी बातें कीं। अभिनेता ने इस दौरान एक हैरान करने वाला खुलासा करते हुए कहा कि उन्हें फिल्मों के ऑफर नहीं मिल रहे हैं। हाल ही में इस बारे में एक्टर के के मेनन ने बात की है। के के मेनन ने इंडस्ट्री में रणवीर के सामने आने वाली चुनौतियों और उन्हें मिलने वाले अवसरों पर तो बात की है, साथ ही मनोरंजन जगत में अन्य कलाकारों के सामने आने वाले संघर्षों के बारे में भी चर्चा की। के के मेनन और रणवीर शौरी इस वक्त सीरीज शेखर होम को लेकर चर्चा में हैं। यह आज ही ओटीटी पर रिलीज हुई है। के के मेनन ने इंडस्ट्री के मौजूदा दौर पर बात की और साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म की आमद और लोकप्रियता पर भी चर्चा की। एक पोर्टल के साथ बातचीत में के के मेनन कहा कि समय की कमी के चलते उन्होंने बिग बॉस नहीं देखा और इसलिए रणवीर शौरी को बिग बॉस में नहीं देखा।

के के मेनन ने आगे कहा कि बिग बॉस ओटीटी से पहले उन्होंने और रणवीर ने साथ में काफी समय बिताया था। के के ने यह भी कहा कि उन्होंने रियलिटी शो नहीं देखा, क्योंकि उन्हें पता था कि रणवीर असली है या अभिनय कर रहे हैं। के के मेनन ने कहा, मैं उन्हें बहुत अच्छी तरह से जानता हूं। बता दें कि बिग बॉस ओटीटी 3 में रणवीर शौरी ने कोई बड़ा एक्टिंग प्रोजेक्ट न होने और इंडस्ट्री में अवसरों की कमी पर बात की थी। रणवीर शौरी ने यह भी कहा था कि करियर में ठहराव की वजह से उन्होंने बिग बॉस में आने का ऑफर स्वीकर किया था। इस दौरान के के मेनन ने अपने संघर्षों और अनुभवों पर बात करते हुए कहा कि कोविड महामारी से पहले के दौर में वे भी चुनौतियों से गुजरे, क्योंकि अच्छे ऑफर खत्म हो गए थे। उन्होंने आगे कहा, यह ओटीटी बूम से पहले की बात है। इसका कारण यह था कि सिनेमा और थिएटर में हम जो फिल्में देखते हैं, उनमें हमारे जैसे लोगों और अभिनेताओं के लिए गुंजाइश कम हो गई थी।

ओटीटी प्लेटफॉर्म की लोकप्रियता के बाद सिनेमा में आए बदलावों पर बात करने के बाद के के मेनन ने खुद की और मनोज बाजपेयी की तारीफ की। के के मेनन ने कहा कि उनके पास विलेन की भूमिका निभाने या कुछ और करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था, क्योंकि उनका दायरा कम हो गया था। इस दौरान के के मेनन ने खुद को और मनोज बाजपेय की जिद्दी बताया और कहा कि शायद हमसे भी ज्यादा काबिल कलाकार थे, लेकिन उनमें टिके रहने की दृढ़ता नहीं थी, इसलिए वे किनारे होते गए।

## अपना अफेयर छिपा रही हैं सना मकबूल! क्या सीक्रेट शादी करेंगी अभिनेत्री?

**'बिग बॉस ओटीटी 3' की ट्रॉफी जीतने के बाद से ही सना मकबूल की पर्सनल लाइफ चर्चा में है। शो जीतने के बाद उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड श्रीकांत बुरेड्डी का नाम सामने आया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक श्रीकांत ने सना को डेट करने की बात भी कबूली थी।**

वहीं, सना ने उन्हें अपना सबसे अच्छा दोस्त बताया था। अभिनेत्री ने कहा था कि वह शादी जरूर करेंगी लेकिन किससे ये नहीं पता। वह अपने अफेयर को लेकर कुछ भी कहने से बच रही हैं। हालांकि उनकी नजदीकियां किसी से छिपी नहीं हैं।

